

04
सोने-चांदी के भाव में फिर गिरावट दर्ज

इंदौर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# मृदुभाषी

सच्ची ख़बरें, सलीके के साथ

03
पॉवर ऑफ अटॉर्नी से मालिकाना हक नहीं



youtube.com/mradubhashi x.com/mradubhashi1 facebook.com/mradubhashi

इंदौर, गुरुवार, 12 नवम्बर 2026 नगर संस्करण, वर्ष: 07, अंक: 54, पृष्ठ: 08, मूल्य: 5:00 रूपए

### सुपर स्वच्छ लीग में नवी मुंबई पहले और सूरत दूसरे स्थान पर; इंदौर और देपालपुर की जोड़ी ने नवाचार में पेश की मिसाल, धार्मिक नगरी उज्जैन भी रही अव्वल

# इंदौर मेंटर, देपालपुर ने मारी बाजी, भोपाल रेस से बाहर

मृदुभाषी। नई दिल्ली/भोपाल

देश के सबसे प्रतिष्ठित 'स्वच्छ सर्वेक्षण-2025' के राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किए गए इन सम्मानों में मध्यप्रदेश ने एक बार फिर पूरे देश में अपना परचम लहराया है। देश में वितरित कुल 63 राष्ट्रीय पुरस्कारों में से सर्वाधिक 9 पुरस्कार अकेले मध्यप्रदेश के खाते में आए हैं, जो कुल पुरस्कारों का लगभग 14.28 प्रतिशत है।

इस बार सुपर स्वच्छ लीग में नवी मुंबई ने पहला, सूरत ने दूसरा और आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा ने तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं, मेंटर-मेंटी (स्वच्छ शहर जोड़ी) श्रेणी के तहत अहमदाबाद को पहला, इंदौर को दूसरा और तिरुपति को तीसरा स्थान मिला। राजस्थान में जयपुर और मध्यप्रदेश में ग्वालियर को 'स्टेट फर्स्ट ऑफ स्वच्छ सिटी' के अवॉर्ड से नवाजा गया है। स्वच्छता की राजधानी कहे जाने वाले इंदौर ने इस बार भी अपनी बादशाहत कायम रखी है। लगातार नौवें सर्वेक्षण चक्र में राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने वाले इंदौर को 'स्वच्छ शहर जोड़ी' (मेंटर-मेंटी) मॉडल में देश में दूसरा स्थान मिला है। इंदौर ने न केवल खुद को स्वच्छ रखा, बल्कि अपने पड़ोसी छोटे शहर देपालपुर को मेंटर के रूप में मार्गदर्शन देकर सफलता के शिखर पर पहुंचाया। इंदौर के इस सहयोग से देपालपुर ने मेंटी श्रेणी में देश में दूसरा स्थान हासिल किया। इंदौर में वार्ड स्तर पर स्वच्छ वार्ड रैंकिंग, 29 बाजारों को 'जीरो वेस्ट मार्केट' के रूप में विकसित करने, 15 आरआरआर केंद्र, आईओटी आधारित शौचालय निगरानी और बायो-सीएनजी संयंत्र के विस्तार जैसे बड़े नवाचार किए गए। वहीं, इंदौर की सीख पर चलते हुए देपालपुर ने शत-प्रतिशत घर-घर कचरा संग्रहण, चार श्रेणियों में कचरे का पृथक्करण और पुराने कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण कर मिसाल कायम की।




## मध्यप्रदेश के शहरों ने राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई ताकत

**जबलपुर (10 लाख से अधिक आबादी):** शहर ने स्वच्छ रैंकिंग में देश में दूसरा स्थान हासिल किया। जबलपुर का 11.5 मेगावाट क्षमता वाला वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट पूरी क्षमता से चल रहा है। 'बैकलेन से बेस्टलेन' अभियान के तहत 150 से अधिक गलियों का कायाकल्प किया गया और 491 जीपीएस वाहनों से प्रतिदिन 550 टन कचरा एकत्र किया जा रहा है।

**उज्जैन (3 से 10 लाख आबादी):** महाकाल की नगरी उज्जैन ने अपनी श्रेणी में देश में पहला स्थान झटका। सभी 54 वार्डों में शत-प्रतिशत कचरा पृथक्करण लागू है। धार्मिक स्थलों के समर्पित फूलों से धूप-अगरबत्ती और वस्त्रों से पेपर बैग बनाए जा रहे हैं।

**देवास व सागर (50 हजार से 3 लाख आबादी):** देवास ने लगातार दूसरी बार अपनी श्रेणी में देश में पहला स्थान प्राप्त किया। यहां सीवेज उपचार, पुराने कचरे के निस्तारण और उपचारित जल के पुनर्चक्रण पर बेहतरीन कार्य हुआ। वहीं सागर ने बुंदेली लोककला और नुक्कड़ नाटकों से जन-जागरूकता फैलाते हुए इस श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल किया।

**बुदनी (20 हजार से कम आबादी):** बुदनी ने लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाते हुए देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। शत-प्रतिशत कचरा पृथक्करण और समयबद्ध कचरा निस्तारण इसकी सफलता की कुंजी रहा।

**रीवा (स्वच्छ रिवर फ्रंट):** रीवा ने देश में 'स्वच्छ रिवर फ्रंट शहर' की श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया। यहां 24 घंटे डिजिटल निगरानी कमांड कंट्रोल रूम और 6 मेगावाट का वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट संचालित है।

**ग्वालियर:** शहर को 'राज्य का प्रथम स्वच्छ सिटी अवॉर्ड' मिला। ग्वालियर में 5.50 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे का निस्तारण किया गया है।

## सात साल टॉप पर रहने वाला भोपाल रेस से बाहर

लगातार सात साल देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में रहने और पिछली रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल करने वाला शहर और मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल इस बार राष्ट्रीय पुरस्कारों की दौड़ से बाहर हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार, आदमपुर छावनी में जमा लगभग 5 लाख टन पुराने कचरे (लिगेसी वेस्ट) का समय पर वैज्ञानिक निस्तारण न हो पाना इसका मुख्य कारण रहा, जिसका मामला सुप्रीम कोर्ट में भी विचाराधीन है।

## स्वच्छता को जन-आंदोलन बनायाः मुख्यमंत्री यादव

प्रदेश की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य के नागरिकों, नगरीय निकायों की टीमों, जनप्रतिनिधियों और सफाईमित्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने स्वच्छता को केवल प्रशासनिक अभियानों तक सीमित न रखकर 'बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' के ध्येय वाक्य के साथ एक जन-आंदोलन बनाया है। नागरिकों की जागरूकता और सफाईमित्रों के अथक परिश्रम से ही मध्यप्रदेश देश का सबसे स्वच्छ राज्य बनकर उभरा है।




### 12 नवंबर से 2 से 4 प्रति लीटर तक महंगी होंगी दरें

# अमूल और मदर डेयरी ने फिर बढ़ाए दूध के दाम

मृदुभाषी। नई दिल्ली

देश के प्रमुख डेयरी ब्रांड्स अमूल और मदर डेयरी ने दूध की कीमतों में 2 से 4 प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। नई बढ़ी हुई दरें 12 नवंबर यानी गुरुवार से प्रभावी रूप से लागू होंगी।

इस मूल्य वृद्धि के बाद अब अमूल गोल्ड का 1 लीटर का पैक 70 रुपये से बढ़कर 74 रुपये और अमूल फ्रेश 57 रुपये से बढ़कर 59 रुपये प्रति लीटर का हो गया है। इसी तरह मदर डेयरी ने भी दूध की खरीद लागत में हुई वृद्धि को देखते हुए अपने सभी दूध वेरिएंट्स के दाम बढ़ा दिए हैं। गौरतलब है कि दोनों कंपनियों ने इससे पहले 14 मई 2026 और उससे पूर्व अप्रैल 2025 में दूध के दामों में संशोधन किया था। अमूल ब्रांड का संचालन करने वाली संस्था गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के अनुसार, दूध उत्पादन, पशु आहार और प्रोसेसिंग की लागत में भारी इजाफे के कारण कीमतें बढ़ाना अनिवार्य हो गया था। कंपनी ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष हरे व सूखे चारे, खली, मक्का और शीरे के भाव काफी बढ़े हैं। साथ ही दूध की पैकेजिंग सामग्री और परिवहन में इस्तेमाल होने वाले ईंधन के महंगे होने से परिचालन लागत पर दबाव पड़ा है। इसके अतिरिक्त, गुजरात समेत देश के कई राज्यों में कम और अनियमित मानसून के चलते परिस्थितियां बेहद चुनौतीपूर्ण रही हैं, ऐसे में पशुपालकों और दूध उत्पादकों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने और आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से कदम उठाया गया है।




### दुनिया भर में मिसाल है अमूल

**अमूल** का त्रि-स्तरीय सहकारिता मॉडल (डेयरी को-ऑपरेटिव सोसाइटी, डिस्ट्रिक्ट मिल्क यूनियन और स्टेट मिल्क फेडरेशन) दुनिया भर के बिजनेस स्कूलों में केस स्टडी का विषय है। गांव के दूध उत्पादक किसान सहकारी समिति के सदस्य होते हैं, जो जिला संघ का प्रबंधन संभालते हैं। इसके बाद गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन डिस्ट्रीब्यूशन का जिम्मा संभालता है। दूध संग्रहण से लेकर वितरण प्रक्रिया में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 15 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह पारदर्शी सहकारी मॉडल यह सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ताओं से मिलने वाले लाभांश का बड़ा हिस्सा पिरामिड के सबसे निचले पायदान पर खड़े डेयरी किसानों तक पहुंचे।

## एअर इंडिया की कोलकाता-मुंबई फ्लाइट को हाईजैक की धमकी

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की कोलकाता-मुंबई फ्लाइट को बुधवार सुबह हाईजैक करने की धमकी मिली। विमान के टॉयलेट में मिले एक नोट में लिखा था कि सुबह 11:10 बजे प्लेन हाईजैक कर लिया जाएगा। नोट मिलते ही क्रू ने पायलट को इसकी जानकारी दी। पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) को अलर्ट किया। इसके बाद विमान को कोलकाता एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में ले जाया गया। यहां सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की जांच शुरू की। विमान में उस समय 93 यात्री और 5 क्रू मेंबर सवार थे।

## उज्जैन के बागड़िया टावर में लगी भीषण आग

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी उज्जैन के पुरानी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पांच मंजिला बागड़िया टावर में बुधवार शाम अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एक मेडिकल स्टोर से शुरू हुई आग और उससे उठे घने धुएं ने पूरी इमारत को अपनी आगोश में ले लिया। इस भीषण हादसे के दौरान इमारत में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों समेत 15 से अधिक लोग अंदर फंस गए। हालांकि, पुलिस, प्रशासनिक अमले, दमकलकर्मियों और स्थानीय सतर्क युवाओं के त्वरित व साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन की बदौलत एक बड़ा हादसा टल गया और सुरक्षित सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रदीप शर्मा ने बताया कि आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एमपी मेडिकल स्टोर में भड़की थी।



# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ से आर्मी पेट्रोलिंग टीम के साथ गए 2 SPO लापता, इलाके में सुनी गई फायरिंग

मृदुभाषी। किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दूरदराज क्षेत्र दच्छन-मरवाह इलाके में बुधवार दोपहर से दो स्पेशल पुलिस ऑफिसर (SPO) रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए हैं।

दोनों जवान भारतीय सेना की एक पेट्रोलिंग टीम के साथ गश्त पर निकले थे। घटना के बाद से ही सुरक्षाबलों और स्थानीय पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दोनों लापता SPO की तलाश के लिए संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू कर



दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, लापता होने से ठीक पहले दोनों जवान ढेरना पोस्ट की ओर आगे बढ़ रहे थे। शुरुआती समय में उनके मोबाइल फोन चालू थे, लेकिन कुछ ही देर बाद दोनों के फोन अचानक स्विच ऑफ हो गए, जिससे अनहोनी की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों के मुताबिक, जिस समय दोनों जवान लापता हुए, ठीक उसी समय उस क्षेत्र से संदिग्ध फायरिंग की आवाजें भी सुनी गईं। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है और लापता जवानों की खोज के लिए सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

# दादा की संपत्ति बंट चुकी है तो जन्म के आधार पर हिस्सा नहीं मांग सकता पोताः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि यदि दादा की पैतृक संपत्ति उनके कानूनी वारिसों के बीच पहले ही बंट चुकी है, तो पोता केवल जन्म के आधार पर उसमें अपने हिस्से का दावा नहीं कर सकता। जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और जस्टिस सुनीता अग्रवाल की बेंच ने साल 1997 में एक नाबालिग पोते की ओर से दायर किए गए संपत्ति बंटवारे के मुकदमे को खारिज करते हुए यह व्यवस्था दी है। हालांकि यह फैसला 6 नवंबर



को सुनाया गया था, लेकिन इसकी विधिक जानकारी अब सामने आई है। यह पूरा कानूनी विवाद चेन्नई में स्थित 1,811 वर्ग फीट के एक मकान और प्लॉट से जुड़ा हुआ है।

मामले की पृष्ठभूमि के अनुसार, इस संपत्ति के मूल मालिक पोते के दादा थे। दादा के निधन के बाद उनकी पुत्री (यानी पोते की बुआ) ने वर्ष 1993 में संपत्ति के बंटवारे के लिए अदालत में मुकदमा दायर किया था। फरवरी 1994 में आपसी समझौते के तहत संपत्ति का कानूनी बंटवारा हो गया, जिसमें पोते के पिता को भी उनका निश्चित हिस्सा मिल गया।

# पूर्व उपराष्ट्रपति बेहोश होकर गिरे, एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत बुधवार सुबह अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें इलाज के लिए नई दिल्ली स्थित ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (AIIMS) में भर्ती कराया गया है। 75 वर्षीय धनखड़ सुबह की सैर (मॉर्निंग वॉक) पर निकले थे, तभी वे अचानक बेहोश होकर नीचे गिर पड़े। इस घटना के बाद सुरक्षाकर्मियों द्वारा उन्हें तत्काल पीसीआर वाहन से वापस घर लाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, अचेत होने के बाद वे कुछ मिनटों तक बेहोश रहे। घर पहुंचने के बाद भी जब उनका स्वास्थ्य ज्यादा बिगड़ने लगा, तो आईएलबीएस



(ILBS) की मेडिकल टीम और एम्स के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संदीप सेठ ने उनका प्राथमिक चेकअप किया। इसके तुरंत बाद उन्हें एम्बुलेंस के माध्यम से एम्स के कार्डियो-न्यूरो सेंटर ले जाया गया, जहां वे वर्तमान में कार्डियोलॉजी विभाग में डॉक्टरों की गहन देखरेख में हैं।

### गृह मंत्रालय ने घटाईं वीजा श्रेणियां, टूरिस्ट वीजा का नाम बदलकर हुआ 'विजिटर वीजा'

# भारत का वीजा सिस्टम अब हुआ बेहद आसान

मृदुभाषी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारत की वीजा प्रणाली में ऐतिहासिक सरलीकरण करते हुए बड़ा बदलाव किया है। विदेशियों के लिए वीजा चयन और आवेदन की प्रक्रिया को सहज बनाने के उद्देश्य से मुख्य वीजा श्रेणियों की संख्या 13 से घटाकर 9 और उप-श्रेणियों (सब-कैटेगरी) को 49 से घटाकर मात्र 23 कर दिया गया है। इसके साथ ही वीजा आवेदन फॉर्म में भरे जाने वाले कॉलमों में 65 से 70 प्रतिशत तक की भारी कटौती की गई है। यह नई व्यवस्था दिसंबर 2026 तक पूर्ण रूप से लागू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले अक्टूबर 2025 में भी मुख्य श्रेणियों को 22 से घटाकर 13 किया गया था। वर्तमान




में भारत 172 देशों के नागरिकों को ई-वीजा की सुविधा प्रदान कर रहा है।

सुधारों के तहत पारंपरिक 'टूरिस्ट वीजा' का नाम बदलकर अब 'विजिटर वीजा' कर दिया गया है, जिसे दो श्रेणियों (V-1 और V-2) में विभाजित किया गया है। V-1 वीजा 30 दिनों की वैधता के साथ जारी होगा, जिसमें पर्यटन, व्यापारिक बैठकों, त्वरित चिकित्सीय परामर्श और अल्पकालिक पाठ्यक्रमों के लिए बहु-प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) की अनुमति होगी। वहीं V-2 वीजा 1, 5 या 10 वर्षों की दीर्घकालिक अवधि के लिए जारी किया जाएगा, जिसके अंतर्गत पर्वतारोहण जैसी गतिविधियों की भी स्वीकृति रहेगी। चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'मेडिकल वीजा' को एलोपैथिक व सामान्य उपचार (M-1) तथा आयुष (AYUSH) पद्धति (M-3) के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। ये दोनों वीजा एक वर्ष की वैधता और बहु-प्रवेश सुविधा के साथ उपलब्ध होंगे।

### विदेशी विद्यार्थियों के अलग वीजा सिस्टम

विदेशी विद्यार्थियों के लिए 'स्टूडेंट वीजा' को दो वर्गों में पुनर्गठित किया गया है। S-1 वीजा स्कूली शिक्षा, स्नातक और स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए होगा, जबकि S-2 वीजा पीएचडी, शोध कार्य, इंटर्नशिप और छात्र विनिमय कार्यक्रमों के लिए निर्धारित किया गया है। 'स्टडी इन इंडिया' पोर्टल के माध्यम से भारतीय शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अधिकतम 5 वर्ष या पाठ्यक्रम अवधि तक के लिए ई-स्टूडेंट वीजा की पात्रता होगी।

# संघर्ष को पछाड़कर भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम तक पहुंचे कमल कंचोले

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** जिंदगी की मुश्किलें कितनी भी बड़ी क्यों न हों, यदि सपने देखने और उन्हें पूरा करने का जज्बा हो, तो रास्ते खुद-ब-खुद निकल आते हैं। इस बात को इंदौर के दिव्यांग क्रिकेटर कमल कंचोले (32) ने अपने संघर्ष और बुलंद हौसलों से सच साबित कर दिखाया है। महज दो साल की उम्र में गलत इंजेक्शन के कारण पोलियो से पैर गंवा चुके कमल ने कभी हार नहीं मानी और लगभग 10 साल की कड़ी मेहनत के बाद भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम में अपनी जगह बना ली है। वे मध्य प्रदेश से भारतीय टीम में चयनित होने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं और श्रीलंका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मुकाबले भी खेल चुके हैं। कमल की यहां तक पहुंचने की कहानी आसान नहीं रही। क्रिकेट से फिलहाल उन्हें कोई आर्थिक आमदनी नहीं होती है। अपने परिवार का भरण-पोषण करने और क्रिकेट का खर्च उठाने के लिए वे दिनभर पैसेंजर ऑटो चलाते हैं। ऑटो चलाने से होने वाली कमाई से ही वे खेल का सामान और दूसरे शहरों में मैच खेलने जाने का खर्च उठाते हैं। लगभग 12 साल पहले उनके दोस्त शहजाद अली ने उन्हें व्हीलचेयर क्रिकेट के बारे में बताया था, जिसके बाद भोपाल से शुरू हुआ उनका सफर आज राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुका है।

### 2600 से अधिक रन, दो शतक, 14 अर्धशतक और 36 विकेट

20 अक्टूबर को उन्हें भारतीय टीम में चयन की खुशखबरी मिली। वे श्रीलंका के खिलाफ दो

### श्रीलंका के खिलाफ दिखा चुके हैं दम



अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके हैं, जिसमें एक मैच में उन्होंने सिर्फ तीन गेंदों पर दो शानदार चौके जड़े। कमल एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं और मीडियम फास्ट गेंदबाजी के साथ-साथ अब तक अपने करियर में 2600 से अधिक रन, दो शतक, 14 अर्धशतक और 36 विकेट ले चुके हैं। वे मध्य प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। सामान्य क्रिकेट में रोहित शर्मा उनके आदर्श हैं, जबकि व्हीलचेयर क्रिकेट में वे दिल्ली के सौरभ मलिक को अपना रोल मॉडल मानते हैं।

### पांच फीट तक डाइव लगाकर गेंद रोकते हैं

मैदान पर उनका संघर्ष और भी प्रेरणादायक है। व्हीलचेयर पर बैठकर बल्लेबाजी करने के अलावा फील्डिंग के दौरान वे पांच फीट तक डाइव लगाकर गेंद रोकते हैं।

इस दौरान वे कई बार चोटिल भी हुए, लेकिन उनका जुनून कम नहीं हुआ। हालांकि, आर्थिक तंगी और सरकारी मदद के अभाव के कारण उन्हें कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिला प्रशासन, सामाजिक न्याय विभाग और एसोसिएशन के सहयोग से उन्हें कुछ मदद जरूर मिली है, लेकिन वे चाहते हैं कि सरकार अन्य खिलाड़ियों की तरह व्हीलचेयर क्रिकेटरों को भी आर्थिक सहायता और बेहतर खेल सुविधाएं प्रदान करे, ताकि किसी भी खिलाड़ी को आर्थिक तंगी से जूझना न पड़े। कमल का अगला सपना अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में बड़ी पारी खेलकर देश की जीत में योगदान देना है।



# मंडियों में शुरू हुए मुहूर्त के सौदे, पूजन के साथ हुई नए कारोबारी वर्ष की शुरूआत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** दीपावली पर्व के बाद मंडियां खुलने पर मुहूर्त में सौदे करने की बरसों पुरानी परंपरा एक बार फिर धूमधाम से निभाई जा रही है। व्यापारी इस मौके को नए कारोबारी वर्ष की शुरूआत मानते हैं। इसी कड़ी में बुधवार को इंदौर कृषि उपज मंडी में किसान और व्यापारी बड़ी संख्या में एकत्र हुए और गाजे-बाजे के साथ मंडी प्रांगण पहुंचे। वहां परंपरा के अनुसार बैलगाड़ी का पूजन कर नीलामी के मुहूर्त के सौदे किए गए। इसके बाद आयोजित दीपावली मिलन समारोह में सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया, कन्या भोज कराया और प्रसादी वितरित की। दूसरी ओर, इंदौर के सराफा व्यापारियों ने मंगलवार को ही मिलन समारोह के दौरान बही लेखन के साथ मुहूर्त के सौदे पूरे किए। यह प्रक्रिया सुबह साढ़े 9 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक चली, जिसमें शहर के जनप्रतिनिधियों और विभिन्न व्यापारिक संस्थानों के पदाधिकारियों ने शामिल होकर व्यापारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

### माँ महालक्ष्मी पूजन के बाद सौदों की शुरूआत होगी

अब गुरुवार को इंदौर की प्रसिद्ध छावनी, सियागंज और संयोगितागंज अनाज मंडियों में मुहूर्त के सौदे किए जाएंगे। सियागंज मंडी में दोपहर में माँ महालक्ष्मी पूजन के बाद सौदों की शुरूआत होगी। इसके अलावा तिलहन संघ के व्यापारी पहले महालक्ष्मी का पूजन करेंगे, माता को 56 भोग अर्पित करेंगे और उसके बाद मुहूर्त के सौदे शुरू करेंगे। इन आयोजनों के दौरान मंडियों में सैकड़ों व्यापारियों की उपस्थिति रहेगी।

## कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया पर एफआईआर, गिरफ्तार

**इंदौर।** शहर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को उन्हें कांग्रेस नेता चिंटू चौकसे के निवास के पास से हिरासत में ले लिया।यह मामला बच्चे के जलने से जुड़े विवाद का है। पारसी मोहल्ला निवासी अमित हार्डिया के भतीजे सुमित के बेटे आराध्य के पैर गर्म पानी से जल गए थे, जिसे इलाज के लिए चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि अमित की बहू बरखा के भाई लोकेश हार्डिया अस्पताल पहुंचे और अमित से इस बात को लेकर बहस करने लगे कि उन्होंने बरखा को घटना का जिम्मेदार क्यों ठहराया। विवाद बढ़ने पर लोकेश ने अमित के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और अपशब्द कहते हुए धमकी दी।घटना के बाद अमित हार्डिया ने मंगलवार दोपहर राजेंद्र नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने लोकेश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस पर प्रशासनिक व राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस की खुफिया टीम लोकेश की तलाश में दो बार उनके हीरानगर स्थित घर भी पहुंची। बुधवार सुबह जैसे ही पुलिस को सूचना मिली कि लोकेश कांग्रेस नेता चिंटू चौकसे के घर पर हैं, पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उन्हें अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# अबूधाबी की अंतरराष्ट्रीय उड़ान में तकनीकी खराबी, एयरपोर्ट पर हंगामा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** इंदौर से अबूधाबी के लिए रवाना होने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ान में बुधवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब विमान में अचानक तकनीकी समस्या सामने आ गई। निर्धारित समयानुसार सुबह 8:30 बजे जब यह उड़ान भरने की तैयारी में थी, तभी विमान में आई तकनीकी खराबी और इमिग्रेशन प्रक्रिया में आई कुछ दिक्कतों के कारण प्रक्रिया रोकनी पड़ी। इसी दौरान यात्रियों को प्रारंभिक तौर पर उड़ान निरस्त होने की गलत सूचना मिल गई, जिससे एयरपोर्ट परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बन गई।उड़ान रद्द होने की बात सुनकर यात्री अत्यधिक आक्रोशित हो गए और उन्होंने अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। यात्रियों का गुस्सा देख एयरपोर्ट पर कुछ देर के लिए असहज माहौल उत्पन्न हो गया।



### तकनीकी विशेषज्ञों ने मोर्चा संभाला

हालांकि, स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तकनीकी विशेषज्ञों ने तुरंत मोर्चा संभाला और विमान की कमियों को दूर करने का कार्य तेजी से शुरू किया।

खराबी पूरी तरह से ठीक होने और सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद विमान को उड़ान भरने की अनुमति दे दी गई।एयरपोर्ट के पीआरओ रामस्वरूप यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तकनीकी दिक्कतों का समय रहते निवारण कर लिया गया था, जिसके बाद विमान को सुबह 10 बजे सुरक्षित रूप से अबूधाबी के लिए रवाना कर दिया गया। विमान के उड़ान भरते ही एयरपोर्ट प्रशासन और यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## नीमा समाज का अन्नकूट महोत्सव 15 को

**इंदौर।** श्री दशा नीमा मंडल, इंदौर के तत्वावधान में श्री दशा नीमा समाज का पारंपरिक एवं प्रतिष्ठित भव्य अन्नकूट महोत्सव इस वर्ष 15 नवंबर को मनाया जाएगा। महोत्सव का आयोजन श्री नीमा मांगलिक परिसर, नीमा नगर, केशरबाग रोड, इंदौर में किया जाएगा।

रात्रि 7:30 बजे प्रभु श्रीनाथजी की महाआरती होगी, इसके पश्चात रात्रि 8:00 बजे से महाप्रसादी प्रारंभ होगी। मंडल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार नीमा ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव समाज की वर्षों पुरानी गौरवशाली परम्परा है।

# सड़क हादसे में मौत पर बीमा कंपनी देगी 3.20 करोड़ रु. का मुआवजा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** जिला कोर्ट ने एक अहम फैसले में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले टीसीएस (ळउर) कर्मचारी के परिजनों को तीन करोड़ 20 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश बीमा कंपनी को दिया है। इसके साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया है कि क्षतिपूर्ति राशि पर 10 जनवरी 2025 से छह प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी देय होगा। ब्याज सहित यह कुल राशि साढ़े तीन करोड़ रुपये से अधिक बैठती है। यह मामला 29 दिसंबर 2024 का है, जब तुकोगंज निवासी शक्तिसिंह अपने दो दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। एमराल्ड स्कूल के पास एक तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे अस्पताल में इलाज के दौरान शक्तिसिंह की मृत्यु हो गई। इसके बाद मृतक की पत्नी और स्वजनों ने एडवोकेट राजेश खंडेलवाल के माध्यम से कोर्ट में क्षतिपूर्ति का दावा पेश किया।

सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी ने बस ड्राइवर के पास वैध लाइसेंस, फिटनेस और परमिट न होने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास किया। हालांकि, कोर्ट ने इन तर्कों को खारिज कर दिया। एडवोकेट खंडेलवाल ने टीसीएस द्वारा जारी फॉर्म 16 प्रस्तुत करते हुए बताया कि शक्तिसिंह का सालाना पैकेज 30 लाख रुपये था और भविष्य में उनकी आय बढ़ने की पूरी संभावना थी। बीमा कंपनी द्वारा आयकर रिटर्न न पेश किए जाने के तर्क को भी कोर्ट ने अमान्य कर दिया। कोर्ट ने अपने फैसले में एक बेहद महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि वेतन निर्धारण के समय महंगाई भत्ता, गृह भत्ता इत्यादि सभी घटकों को जोड़ा जाना चाहिए, क्योंकि इन भत्तों का लाभ केवल कर्मचारी को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को मिलता है। अदालत के इस फैसले से पीड़ित परिवार को न्याय और बड़ा आर्थिक संबल मिला है।

## पावर ऑफ अटॉर्नी से जमीन का मालिकाना हक नहीं मिलता: हाई कोर्ट

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**इंदौर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने जमीन के मालिकाना हक और पावर ऑफ अटॉर्नी को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर किसी व्यक्ति को जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल जाता। इसी तरह, अचल संपत्ति को गिरवी रखने का दावा पंजीकृत बंधक विलेख के बिना केवल मौखिक साक्ष्य के आधार पर साबित नहीं किया जा सकता।

शाजापुर जिले में जमीन से जुड़े विवाद में दोनों अपीलें खारिज करते हुए कोर्ट ने विचारण न्यायालय का फैसला यथावत रखा है। मामला कालापीपल तहसील के ग्राम मोहम्मदपुर मच्छनाई की कृषि भूमि से जुड़ा था। विवादित भूमि का रकबा 0.418 हेक्टेयर है। अपीलकर्ता बद्रीप्रसाद का दावा था कि उन्होंने आठ नवंबर, 1995 को जमीन मालिक को 12 हजार रुपये उधार दिए थे। इसके बदले जमीन गिरवी रखी गई और उसे कब्जा सौंप दिया गया। उनका यह भी दावा था कि जमीन के मालिक ने उनके पक्ष में पावर ऑफ अटॉर्नी निष्पादित की थी। निर्धारित अवधि में कर्ज नहीं चुकाने पर उन्होंने जमीन पर अपने अधिकार का दावा किया। दूसरी तरफ प्रतिवादी का कहना था कि जमीन गिरवी नहीं रखी गई थी, बल्कि वर्ष 2011-12 में खेती के लिए एक वर्ष की अवधि पर बंटाई के आधार पर दी गई थी। राजस्व अभिलेखों में भी जमीन प्रतिवादी के नाम दर्ज थी। न्यायमूर्ति विनय सराफ ने पाया कि अपीलकर्ता स्वयं यह स्वीकार कर रहा था कि उसे जमीन का कब्जा प्रतिवादी से मिला था। ऐसे में वह उस व्यक्ति के स्वामित्व को चुनौती नहीं दे सकता, जिसके माध्यम से उसे कब्जा प्राप्त हुआ। कोर्ट ने कहा कि अचल संपत्ति के बंधक के लिए पंजीकृत दस्तावेज आवश्यक है। ऐसा कोई पंजीकृत बंधक विलेख प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे जमीन गिरवी रखने का दावा प्रमाणित हो सके।

# रिटायर हुए हैं रोजगार से, जिंदगी से नहीं, 86 की उम्र में भी दोस्ती और ठहाकों से रोशन हर दिन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** उम्र बढ़ने के साथ जीवन की रफ्तार भले धीमी पड़ जाए, लेकिन उत्साह, आत्मीयता और जीवंतता कम हो जाए, यह जरूरी नहीं। इसका सुंदर उदाहरण है स्कीम 54, विजयनगर का एफएच गार्डन वरिष्ठ नागरिक मंच। यहाँ 61 से 86 वर्ष की आयु के सदस्य हर दिन मिलकर न केवल सुख-दुःख साझा करते हैं, बल्कि एक-दूसरे के मानसिक और भावनात्मक संबल भी बनते हैं। दीपावली मिलन समारोह में इसी अनूठे परिवार ने दोस्ती, अनुभव और खुशियों के दीप जलाए। इस मंच की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ सेवानिवृत्ति का अर्थ जीवन से निवृत्ति नहीं, बल्कि जीवन की एक नई और सार्थक पारी की शुरूआत है। कोई प्रशासन का अनुभवी अधिकारी रहा है, कोई पुलिस और वायुसेना में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभा चुका है, तो किसी ने उद्योग, व्यापार, वित्त या समाजसेवा में दशकों बिताए हैं। आज यही विविध अनुभव एक-दूसरे की समस्याओं के समाधान खोजने में काम आते हैं। पारिवारिक उलझन हो, स्वास्थ्य की चिंता हो या जीवन का कोई कठिन निर्णय, यहाँ सलाह देने वाले अनुभवी मित्र भी हैं और धैर्य से सुनने वाले आत्मीय साथी भी।



### सबसे वरिष्ठ सदस्य 86 वर्ष के

मंच के सबसे युवा सदस्य लेखक राजकुमार जैन ने हाल ही में 61 वर्ष पूरे किए हैं, जबकि सबसे वरिष्ठ सदस्य पूर्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मदन राणे 86 वर्ष के हैं। उम्र का 25 वर्ष का अंतर भी इनकी मित्रता और आत्मीयता के आड़े नहीं आता। इंदौर के पूर्व एडीएम एवं अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता बताते हैं, ₹हम प्रतिदिन मिलते हैं। यही हँसी हमारे स्वस्थ जीवन की प्राथमिक औषधि है।₹ उनका मानना है कि बढ़ती उम्र में नियमित मिलना-जुलना, सकारात्मक संवाद, सक्रिय दिनचर्या और मन की बात कह पाने का अवसर जीवन को अधिक आनंदमय बनाता है। यह मंच एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी देता है, बुजुर्गों को केवल देखभाल नहीं, संवाद, सम्मान और अपनी उपयोगिता का एहसास भी चाहिए। जीवनभर दूसरों की जिम्मेदारियाँ निभाने वाली पीढ़ी के लिए मित्रों की यह संगत किसी भावनात्मक सुरक्षा कवच से कम नहीं। दीपावली मिलन में फार्मा उद्योगपति नंद मोटवानी, लोहा व्यापारी प्रदीप गुप्ता, जीवन बीमा क्षेत्र से सेवानिवृत्त अशोक चौधरी, पूर्व पुलिस अधिकारी राजेश जायसवाल एवं अशोक सोलंकी, चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेंद्र खंडेलवाल, एडवोकेट सुरेश बापना, शिक्षक निमजे जी तथा पूर्व विंग कमांडर राधेश्याम मुकाती सहित सभी साथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## तीसरी मंजिल पर सो रही 95 वर्षीय वृद्धा की आग में झुलसने से मौत

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू गायत्री नगर (एमआर-10) में सोमवार रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां मकान की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में सो रही 95 वर्षीय वृद्धा गुलबाई पति रामसहाय नगरिया की आग में झुलसने से मौत हो गई। रात करीब साढ़े 11 बजे बिस्तर पर अचानक आग लग गई, जिससे वृद्धा गंभीर रूप से झुलस गईं। थाना प्रभारी कमल किशोर शर्मा के अनुसार, मृतका के बेटे दीपक ने बताया कि वह अपनी पत्नी ममता के साथ नीचे रहते हैं। रात में जब उन्हें ऊपर से धुआं उठता दिखाई दिया, तो वे तुरंत तीसरी मंजिल पर पहुंचे, जहां उन्होंने मां के पैर जले हुए पाए। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद गंभीर अवस्था में उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

# पुलिस कमिश्नरेट का सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र बन रहा नागरिकों के लिए राहत का प्रभावी मंच

## पारिवारिक विवाद, रुपये-पैसों के लेन-देन, संपत्ति विवाद एवं अन्य मामलों का प्रशिक्षित मध्यस्थता अधिकारियों द्वारा कराया जा रहा समाधान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** आम नागरिकों के सामान्य आपसी, पारिवारिक एवं आर्थिक विवादों का त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय, पलासिया में सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र (उङ्बे४ल्ल्र३८ ट्रीं३ङ्बल्ल उील्ल३१) का संचालन किया जा रहा है। इस केंद्र का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन श्री मोहन यादव जी द्वारा किया गया था।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में संचालित इस केंद्र के माध्यम से छोटे-मोटे विवादों को आपसी बातचीत, समझाइश एवं सहमति के आधार पर सुलझाने के प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य केवल विवादों का निराकरण करना ही नहीं, बल्कि दोनों पक्षों के बीच आपसी संबंधों एवं सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना भी है।

सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र में प्रत्येक सप्ताह सोमवार, मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को प्रशिक्षित मध्यस्थता अधिकारियों द्वारा प्रकरणों की सुनवाई की जाती है। यहां पारिवारिक वाद-विवाद, पति-पत्नी एवं अन्य पारिवारिक विवाद, रुपये-पैसों के आपसी लेन-देन, व्यापारिक लेन-देन, पड़ोसियों के विवाद, छोटे-मोटे संपत्ति विवाद, मकान मालिक-किराएदार के विवाद एवं अन्य सामान्य सिविल प्रकृति के मामलों को आपसी सामंजस्य से सुलझाने के प्रयास किए जाते हैं।

पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाली इस प्रकार की शिकायतों को आवश्यकतानुसार सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र भेजा जाता है। यहां प्रशिक्षित एवं अनुभवी मध्यस्थों द्वारा दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर उनकी समस्याओं एवं पक्षों को सुना जाता है तथा निष्पक्ष संवाद, समझाइश एवं आपसी सहमति के माध्यम से विवादों का समाधान कराया जाता है।

सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र में प्रतिदिन लगभग 15 से 20 प्रकरणों की सुनवाई की जाती है, जिनमें से 8 से 10 प्रकरणों का मध्यस्थता एवं आपसी सहमति के माध्यम से निराकरण किया जा रहा है।

केंद्र के माध्यम से अब तक प्राप्त कुल 1168 आवेदन पत्रों में से 87 प्रतिशत से अधिक का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा चुका है। वहीं, कुल 148 प्रकरणों में आपसी सहमति एवं सामंजस्य के माध्यम से 8 करोड़ 04 लाख 25 हजार 143 रुपये की राशि संबंधित आवेदकों को वापस दिलवाकर उनके विवादों का सुखद समाधान कराया गया है।

वर्ष 2026 में अब तक 93 प्रकरणों का निराकरण कर 5 करोड़ 01 लाख 48 हजार 435 रुपये की राशि आपसी सहमति से वापस करवाई गई है।

इंदौर पुलिस का सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र आम नागरिकों को अपने सामान्य विवादों के समाधान के लिए एक सरल, सहज एवं प्रभावी मंच उपलब्ध करा रहा है। इसके माध्यम से अनावश्यक विवादों एवं लंबी कानूनी प्रक्रिया से बचते हुए आपसी समझ, विश्वास एवं सहमति के आधार पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **श्री सुबोध कुमार जैन** पता **115 पैकी, आशीष नगर, इन्दौर** खाता क्र. **1001341748** झोन क्र. 19 क्रेता का नाम **श्रीमती लीलाबाई उपाध्याय पतिश्री जितेन्द्र उपाध्याय।** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **12.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर**

# बेकाबू कार रेलिंग से टकराई दो मासूम भाई-बहन की मौत

## रतलाम में 8-लेन एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा, माता-पिता घायल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**रतलाम।** जावरा में दिल्ली-मुंबई 8-लेन एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बड़ायला चौराहे के पास करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जा रही एक बेकाबू कार सड़क किनारे लगी क्रैश बैरियर रेलिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि रेलिंग का लोहे का हिस्सा कार को चीरता हुआ अंदर घुस गया, जिससे कार में सवार 13 वर्षीय बेटे सागर वर्मा और 6 वर्षीय बेटी विधि वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार चला रहे उनके पिता और मां गंभीर रूप से घायल हो गए।

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के उन्नाव निवासी राजाबाबू वर्मा गुजरात के हारोल में एक फार्मा कंपनी में डिप्टी मैनेजर हैं। वे अपनी पत्नी रिशु वर्मा (42) और दोनों बच्चों के साथ बुधवार तड़के 4:30 बजे बड़ौदा से अपने गांव उन्नाव के लिए रवाना हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए जावरा अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी आया सामने

हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें तेज रफ्तार कार होकर रेलिंग से टकराते और घिसटते हुए दिखाई दे रही है। पिता राजाबाबू के अनुसार, कार के एयरबैग खुलने से पहले ही रेलिंग का एक हिस्सा आगे बैठे बेटे के शरीर को चीरते हुए निकल गया और दूसरा हिस्सा पीछे बैठी बेटी के सिर में लगा। उन्होंने हाईवे पर आपातकालीन चिकित्सा सुविधा न होने पर दुख जताते हुए कहा कि यदि समय पर इलाज मिलता तो बेटी की जान बच सकती थी।

### आने-जाने के लिए रेलिंग बीच से काट दी

रेलिंग बीच से कटी हुई थी। 8-लेन प्रोजेक्ट के डायरेक्टर देवेंद्र चापेकर और जावरा औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी सुमित मिश्रा ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा खेतों में आने-जाने के लिए अवैध रूप से बैरियर काटे जाने की बात सामने आई है। रतलाम रेंज के डीआईजी निमिष अग्रवाल ने बताया कि टूटी हुई रेलिंग और हादसे के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## यात्रीगण कृपया ध्यान दें, बीना-भोपाल रेलखंड पर सफर होगा आसान

# 64 किमी में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग शुरू, ट्रेनों की लेटलतीफी से मुक्ति

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**भोपाल।** बीना-भोपाल रेलखंड पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। रेलवे द्वारा इस महत्वपूर्ण रेलखंड पर अत्याधुनिक सिग्नलिंग व्यवस्था तैयार की जा रही है, जिसके शुरू होने से ट्रेनों का परिचालन पहले से अधिक सुगम हो जाएगा। अब यात्रियों को एक ट्रेन के आगे बढ़ने के बाद दूसरी ट्रेन के संचालन के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बीना से गुलाबगंज के बीच 64 किलोमीटर के रेलखंड पर स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग (ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग) प्रणाली की शुरूआत कर दी है।

इस नई प्रणाली के माध्यम से ट्रेनों की वास्तविक स्थिति के आधार पर सिग्नल अपने आप नियंत्रित होंगे, जिससे एक ही रेल लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही को बेहद प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, बीना-गुलाबगंज रेलखंड के अंतर्गत गंजबासौदा-पबई-गुलाबगंज के बीच स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली स्थापित करने का कार्य पूरी तरह से पूरा कर लिया गया है। इस परियोजना के तहत 18.24 रूट किलोमीटर (दोहरी लाइन के लिहाज से 36.48 किलोमीटर) के हिस्से में आधुनिक सिग्नलिंग व्यवस्था लगाई गई है, जिसमें कुल 44 ऑटो सिग्नल और 204 डिटेक्शन पॉइंट शामिल हैं।

### प्रणाली को स्थापित करने का कार्य तेजी से जारी

ज्ञात हो कि बीना से भोपाल के बीच कुल 138 किलोमीटर लंबे रेलखंड में से 64 किलोमीटर का काम सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है, जबकि शेष 74 किलोमीटर लंबे हिस्से यानी गुलाबगंज से भोपाल के बीच इस प्रणाली को स्थापित करने का कार्य तेजी से जारी है। रेलवे ने इस पूरे प्रोजेक्ट को मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### यात्रियों और रेलवे दोनों को कई प्रमुख लाभ मिलेंगे

इस आधुनिक स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली से यात्रियों और रेलवे दोनों को कई प्रमुख लाभ मिलेंगे। इसके तहत छोटे-छोटे सिग्नल सेक्शन बन जाएंगे, जिससे एक ट्रेन के थोड़ा आगे बढ़ते ही पीछे चल रही दूसरी ट्रेन को भी आगे बढ़ाया जा सकेगा। इससे रेल लाइनों का बेहतर उपयोग संभव होगा, अधिक संख्या में ट्रेनों का संचालन किया जा सकेगा और सिग्नल के इंतजार में ट्रेनों के बीच रास्ते में खड़े रहने की समस्या से बड़ी हद तक निजात मिलेगी। इसके अलावा, स्टेशन मास्टर अपनी डिजिटल स्क्रीन पर ट्रेनों की लाइव स्थिति और पूरी सिग्नलिंग व्यवस्था को स्पष्ट रूप से देख सकेंगे।

### रेलखंड पर आधुनिक उपकरण स्थापित किए

इस पूरी तकनीकी व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए रेलखंड पर आधुनिक उपकरण स्थापित किए गए हैं। इनमें ऑटो सिग्नल के वास्ते रिले कैबिनेट, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की आधुनिक निगरानी प्रणाली, पटरियों पर ट्रेनों की मौजूदगी का सटीक पता लगाने वाले एक्सल काउंटर और निर्बाध संचार के लिए विशेष फाइबर ऑप्टिक केबल बिछाए जाने का कार्य शामिल है। इस परियोजना के पूर्ण होने से मध्य प्रदेश के इस व्यस्त रेल मार्ग पर ट्रेनों की लेटलतीफी कम होगी और यात्रियों का सफर और आरामदायक हो जाएगा। यह जानकारी सामने आने के बाद यात्रियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उनका कहना है कि कार्य जल्द से जल्द पूरा होना चाहिए।

# रसगुल्ला बताकर युवक को खिलाया बम, मौत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**डिंडौरी।** पड़रिया छांटा गांव में एक युवक की मुंह में बम फटने से मौत हो गई। गांव के ही एक युवक ने कथित तौर पर उसे सुअर मार बम रसगुल्ला बताकर खाने के लिए दिया था। राजेन्द्र ने उसे मुंह में रखकर चबाया तो विस्फोट हो गया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

घटना मंगलवार रात करीब 8 बजे की है। कोतवाली थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे के मुताबिक, राजेन्द्र बरौतिया (35) मंगलवार शाम परिजनों के साथ खाना खाने के बाद घर के आंगन में आग जलाकर बैठा था। रात करीब 8 बजे गांव का रामभगत बरौतिया वहां पहुंचा और उसके पास बैठ गया।

### बातों-बातों में खाने को दिया

दोनों बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान रामभगत ने कथित तौर पर सुअर मार बम को रसगुल्ला बताकर राजेन्द्र को दे दिया। राजेन्द्र ने उसे रसगुल्ला समझकर मुंह में डाल लिया। चबाते ही बम फट गया और उसके मुंह में गंभीर चोट आई।

### आरोपी पर केस दर्ज, बम के स्रोत की जांच

परिजन राजेन्द्र को ऑटो से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने रामभगत बरौतिया के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 और विस्फोटक अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस जांच कर रही है।

# 13000 से अधिक दावों-आपत्तियों पर सुनवाई

## राजधानी का मास्टर प्लान-2047 पर सुनवाई 16 नवंबर से

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**भोपाल।** राजधानी के मास्टर प्लान-2047 के ड्राफ्ट पर प्राप्त 13 हजार 400 दावों और आपत्तियों पर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएंडसीपी) विभाग 16 नवंबर से सुनवाई की शुरूआत करने जा रहा है। इसके लिए विभाग ने पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है।

विभाग के अनुसार, करीब तीन हजार आपत्तियां ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से दोहरी (डबल) दर्ज हो गई थीं, जिन्हें शुरूआती जांच के बाद हटा दिया गया है। इसके अलावा, पांच हजार से अधिक आपत्तियां ईमेल के जरिए प्राप्त हुई हैं।

### सबसे ज्यादा विरोध कैचमेंट एरिया को लेकर

प्राप्त आपत्तियों में सबसे ज्यादा विरोध बड़े तालाब और अन्य जल स्रोतों के कैचमेंट एरिया से जुड़े मामलों को लेकर है। नीलबड़, रातीबड़ और भौंरी सहित तालाब के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों ने इस पर कड़ा विरोध जताया है। वहीं, लगभग चार हजार आपत्तियां आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति दिए जाने के प्रस्ताव के खिलाफ दर्ज कराई गई हैं।

### एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में भी विचाराधीन

सुनवाई को लेकर आपत्तिकताओं में भी पूरी तैयारी है। आपत्तिकर्ता विवेक त्रिपाठी का कहना है कि वे सुनवाई के दौरान अवैध निर्माण के पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत कर मजबूती से अपना पक्ष रखेंगे, वहीं, किसान नेता और आपत्तिकर्ता अनोखी सिंह पटेल का कहना है कि किसानों की आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है, इसलिए मांग की जा रही है कि भोजताल संरक्षण जोन बीआईजेड-1 और बीआईजेड-2 को हटाकर कृषि भूमि का लैंडयूज केवल कृषि ही रखा जाए। उल्लेखनीय है कि इस महत्वपूर्ण विषय से जुड़ी एक याचिका वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में भी विचाराधीन है। टीएंडसीपी विभाग द्वारा की जाने वाली इस सुनवाई पर शहरवासियों और किसानों की पैनी नजर टिकी हुई है। शहरवासियों का मानना है कि मास्टर प्लान लागू होने से शहर का चौमुखी विकास हो सकेगा। इसके बाद उन्हे जिन परेशानियों का वर्तमान में सामना करना पड़ता है, उससे काफी हद तक मुक्ति मिलेगी। हालांकि इसको लेकर काफी हंगामा भी मच चुका है।

# मैदानी पदस्थापना में एक भी प्रमोटी महिला आईपीएस नहीं

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के प्रशासनिक गलियारों से एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। राज्य के 55 जिलों में पुलिस अधीक्षक, रेंज डीआईजी और आईजी के पदों पर वर्तमान में एक भी प्रमोटी महिला आईपीएस अधिकारी पदस्थ नहीं है। हालांकि, सीधी भर्ती (डायरेक्ट) की तीन महिला अधिकारी जिलों में एसपी की कमान संभाल रही हैं और फील्ड में उच्च पदों पर भी सेवाएं दे रही हैं।

इसके विपरीत, प्रशासनिक मोर्चे पर स्थिति कुछ अलग है, जहाँ 12 जिलों में महिला आईएएस अधिकारियों को कलेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है, जिनमें छह प्रमोटी आईएएस शामिल हैं।

सागर रेंज की आईजी रहीं हिमानी खन्ना और शहडोल रेंज की डीआईजी सविता सोहाने के क्रमशः मार्च और अप्रैल में सेवानिवृत्त होने के बाद मैदानी पदस्थापना में अब एक भी प्रमोटी महिला आईपीएस अधिकारी नहीं बची है। कुछ महिला प्रमोटी अधिकारी वर्तमान में पुलिस मुख्यालय और अन्य आयोगों में सीमित दायित्वों पर हैं; जैसे- किरणलता केरकेट्टा पुलिस मुख्यालय की शिकायत शाखा में डीआईजी हैं, श्रद्धा तिवारी भोपाल में डीसीपी हैं, और रसना ठाकुर मानवाधिकार आयोग में पदस्थ हैं। संदेह और चर्चा का विषय यह भी है कि इसी साल जुलाई में आईपीएस संवर्ग में पदोन्नत हुए सात अधिकारियों में से पुरुषों को तो नई पदस्थापना दे दी गई– जैसे मलय जैन को बालाघाट, सब्यसाची सराफ को पन्ना, समर वर्मा को आलीराजपुर और अमित सक्सेना को बैतूल का एसपी बनाया गया।

## 30 फीट गहरे कुएं में गिरा तेंदुआ, रस्सी के सहारे रेस्क्यू कर वन विहार ले गए

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**भोपाल ।** शहर से 20किमी दूर सागोनी जोरा गांव के एक कुएं में तेंदुआ गिर गया। संभवतः शिकार का पीछा करते हुए वह रात में कुएं में गिरा। बुधवार सुबह किसान को कुएं के अंदर तेंदुआ दिखा। इसके बाद रेस्क्यू कर तेंदुए को बाहर निकाल लिया गया।

यह गांव बैरसिया रोड पर है। जब सुबह 11 बजे जब खेत मालिक करण सिंह पहुंचे तो उन्हें कुएं के अंदर तेंदुआ दिखाई दिया। इसकी जानकारी तुरंत वन विभाग की टीम को दी गई। डीएफओ लोकप्रिय भारती टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन परिक्षेत्र अधिकारी मनीष शर्मा, सतपुड़ा बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन सोसाइटी के अध्यक्ष आदिल खान समेत अन्य विशेषज्ञों ने कुएं से पानी खाली कराया। इसके बाद तेंदुआ कुएं के अंदर ही मुंडेर पर आकर बैठ गया।

# शराब पीने से रोका तो 80 फीट ऊंची पानी की टंकी से कूदा युवक

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**भोपाल।** शहर के गुनगा गांव में एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां शराब की लत को लेकर परिजनों द्वारा समझाए जाने से नाराज 20 वर्षीय युवक 80 फीट ऊंची पानी की टंकी से कूद गया। युवक को बचाने के लिए उसका बड़ा भाई भी टंकी पर चढ़ गया था और उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवक ने छलांग लगा दी। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे की है।

मृतक की पहचान 20 वर्षीय शंकरलाल अहिरवार के रूप में हुई है, जो बेरोजगार था। वह 7 बहनों और 3 भाइयों में नौवें नंबर का था। परिजनों के अनुसार, शंकर को शराब पीने की लत थी, जिसे लेकर परिवार के लोग अक्सर उसे टोकते थे। मंगलवार सुबह जब मां और अन्य परिजनों ने उसे शराब न पीने की समझाइश दी, तो वह नाराज होकर जान देने की धमकी देते हुए घर से निकल गया। शंकर के बड़े भाई विष्णु ने बताया कि वह और उसकी मां उसे समझाने के लिए पीछे-पीछे गए। जब शंकर टंकी पर चढ़ने लगा, तो विष्णु भी उसके पीछे 80 फीट ऊंची टंकी पर पहुंच गया। विष्णु ने उसे पकड़ने और रोकने की काफी कोशिश की, लेकिन शंकर उसे भी अपनी ओर खींचने लगा और इसी बीच उसने नीचे छलांग लगा दी। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। सूचना मिलने के बाद गुनगा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

**मौसम** प्रदेश में तेजी से हो रहा है मौसम में बदलाव, ठंड का असर बढ़ा

# 17 शहरों में 15 डिग्री से नीचे पहुंचा पारा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में दीपावली के बाद मौसम के मिजाज में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। प्रदेश के 17 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे लुढ़क चुका है। अमरकंटक और करौंदी प्रदेश में सबसे ठंडे स्थान दर्ज किए गए हैं, जहां पारा 12 डिग्री से भी नीचे चला गया है। दिलचस्प बात यह है कि भोपाल और जबलपुर की रातें प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी से भी अधिक ठंडी दर्ज की गई हैं। आईएमडी (मौसम केंद्र) भोपाल के अनुसार, अगले चार दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट दर्ज की जा सकती है।

बीती रात अमरकंटक में न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री और कटनी के करौंदी में 11.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, दमोह में 12, कल्याणपुर (शहडोल) में 12.3, रायसेन में 12.6 और मलाजखंड (बालाघाट) में 12.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। भोपाल, जबलपुर और छिंदवाड़ा में पारा 13 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि पचमढ़ी में यह 13.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा उमरिया, मंडला, नौगांव, रीवा, इंदौर, खजुराहो और सीधी में भी तापमान 15 डिग्री से कम रहा। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि नवंबर के दूसरे सप्ताह से, विशेषकर ग्वालियर-चंबल संभाग में, उत्तरी हवाओं के सीधे आने के कारण ठंड का असर और तीव्र होगा।

### प्रदूषण का स्तर भी बढ़ा

ठंड बढ़ने के साथ ही प्रदेश में प्रदूषण का स्तर भी चिंताजनक रूप से बढ़ गया है। दीपावली के बाद भोपाल और उज्जैन में एयर क्वालिटी इंडेक्स (अदक) 400 के पार यानी 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया है। पिछले पांच सालों में ऐसा तीसरी बार हुआ है। इसके अलावा ग्वालियर, इंदौर, देवास, जबलपुर, मंडीदीप, सिंगरौली, पीथमपुर और कटनी जैसे प्रमुख शहरों में भी वायु गुणवत्ता बिगड़ी है। इस कारण शहरों में रात 8 बजे से ही धुंध छाने लगती है और सुबह के समय हल्का कोहरा देखने को मिल रहा है।

### प्रदेश में कहीं भी बारिश या आंधी का अलर्ट नहीं है।

मौसम विभाग के अनुसार, इस समय प्रदेश में कहीं भी बारिश या आंधी का अलर्ट नहीं है। हालांकि, नवंबर महीने में भोपाल, इंदौर और जबलपुर में ऐतिहासिक रूप से बारिश का ट्रेंड रहा है और इस बार भी महीने के उत्तरार्ध में मौसम प्रणाली सक्रिय होने से हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। फिलहाल, गिरते पारे और जहरीली होती हवा के दोहरे प्रभाव ने आम जनजीवन पर असर डालना शुरू कर दिया है।

# जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर को युवक ने मारा थप्पड़, डॉक्टर आक्रोषित

## तालाब में डूबने से तीन युवकों की मौत से गुस्साए थे लोग

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**शहडोल।** जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ड्यूटी के दौरान एक चिकित्सक के साथ मारपीट और अभद्रता का वीडियो सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। घटना में एक युवक ड्यूटी पर मौजूद डॉ. नीरज जैसवाल को थप्पड़ मारता नजर आ रहा है। मौके पर मौजूद महिला सिविल सर्जन बीच-बचाव करती दिखीं, जबकि सीएसपी ने डॉक्टर को बचाया। इस घटना के बाद अस्पताल के सभी चिकित्सक आक्रोशित हो गए हैं और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर लामबंद हो चुके हैं।

मामला 9 नवंबर की रात करीब 9:30 बजे का है। शहर की चौपाटी के पीछे स्थित तालाब में डूबे तीन युवकों को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। इससे आक्रोशित होकर साथ आए लोगों ने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। सिविल सर्जन द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, उपद्रवियों ने डॉक्टर की टेबल पर रखा सामान फेंक दिया, टेबल पलट दी और कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की।

### जैसवाल का कॉलर पकड़ा

घटना के दौरान कुछ युवकों ने डॉ. नीरज जैसवाल का कॉलर पकड़ लिया और उन्हें घेरकर थप्पड़ मार दिया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद डॉक्टरों का गुस्सा और बढ़ गया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने 10 नवंबर को कोतवाली थाना प्रभारी को लिखित शिकायत भेजी। इसके बाद बुधवार को डॉक्टरों ने थाने पहुंचकर बयान दर्ज कराए।

सम्पादकीय

## उम्र घटा रहा है बढ़ता वायु प्रदूषण

**जैसा** कि पहले से ही डर भी था दिवाली के बाद देश की राजधानी ही नहीं, दिल्ली से लगते हरियाणा- उत्तर प्रदेश स्थित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रों में शहरों के गैस चैंबर बनने की खबरें मीडिया में आई हैं। जिसमें सत्ताधीशों की काहिली और नागरिकों के गैर-जिम्मेदार व्यवहार की बराबर की भूमिका रही है। जब वायु प्रदूषण की बात होती है तो सिर्फ दिल्ली की बात होती है, जबकि शेष देश में भी स्थिति कमोबेश ऐसी ही है। हमारा गैर जिम्मेदार व्यवहार केवल दिवाली के समय ही नजर नहीं आता, हम चुनाव के दौरान भी स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर मसलों को मुद्दा बनाने की कोशिश नहीं करते। सर्दियों की शुरुआत में मौसमी बदलाव, हवा के प्रवाह में कमी, बढ़ते वाहनों का प्रदूषण, निर्माण कार्य में धूल को लेकर लापरवाही व उद्योगों द्वारा पैदा प्रदूषण मिलकर स्थिति को जानलेवा बना देते हैं। एक बार फिर साबित हुआ कि सत्ताधीश जहरीली हवा से अपने नागरिकों को बचाने में नाकाम रहे हैं। अब तो सवाल प्रदूषण को लेकर सामने आने वाले आंकड़ों की हकीकत को लेकर भी उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले पांच सालों में इस बार सबसे ज्यादा प्रदूषित दिवाली रही है। लेकिन वास्तविक आंकड़े सामने नहीं आए हैं। कहा गया कि प्रदूषण के चरम समय के दौरान दिल्ली के बीस से अधिक मॉनिटरिंग स्टेशनों से डेटा भेजना बंद कर दिया गया। जिससे सरकारी आंकड़ों की विश्वसनीयता को लेकर भी सवाल उठे हैं। बताया गया कि प्रदूषण मापने वाले काफी स्टेशन काम नहीं कर रहे थे। ऐसे में जब लाखों लोग अपने सेहत को लेकर इन आंकड़ों पर निर्भर रहते हैं, तो सरकारी-निजी प्लेटफॉर्मों के आंकड़ों के अंतर ने जनता के संदेह को गहरा किया है। इसकी जवाबदेही के लिए जांच जरूरी है। विडंबना यह है कि इस आपात स्थिति में राजनीतिक दल बयानबाजी से बाज नहीं आ रहे हैं। फलतः इस जहरीली हवा में लोगों का दम घुटता है।

एक ओर जहां 'आप' दिल्ली की भाजपा सरकार पर नियमों को ठीक से लागू न करने व प्रदूषण आंकड़ों में हेराफेरी का आरोप लगा रही है। वहीं भाजपा 'आप' शासित पंजाब में पराली जलाने को प्रदूषण का कारण बता रही है। तात्कालिक कारकों को नजरअंदाज कर भी दें, लेकिन वाहनों, उद्योगों और कृषि से होने वाले उत्सर्जन की पारदर्शी-नियमित निगरानी जरूरी है। प्रशासन स्वास्थ्य से जुड़ी सलाहों को प्रभावी बनाए ताकि बच्चों-बुजुर्गों और श्वसनतंत्र से जुड़े रोगों से जूझ रहे लोगों को राहत मिले । सालों से हम राजनीतिक नौटंकी, बहानेबाजी व कामचलाऊ उपायों को देख रहे हैं। लेकिन मिलजुलकर ईमानदार कोशिश होती नजर नहीं आती। आखिर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बावजूद प्रशासनिक तंत्र क्यों नहीं जागता? नागरिक भी पर्यावरण रक्षा के लिये अपनी हिस्से की जिम्मेदारी क्यों नहीं निभाते? बेहतर हो कि हम पर्व पर पटाखे प्रतीकात्मक रूप में ही जलायें। किसी उत्सव को मनाने के तौर-तरीके समाज ही बनाता है। जिसमें समय-हालात के हिसाब से बदलाव भी होता है। लेकिन हम आतिशी जिद में अपने व लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। विदेशों में भारत की छवि खराब कर रहे हैं। फिर यह आत्मघाती कवायद क्यों? चिकित्सा विशेषज्ञ बताते हैं कि यदि एक्यूआई तीन सौ होता है तो हमारी उम्र साढ़े तीन साल तक घट सकती है। जिन बच्चों के फेफड़े विकसित हो रहे हैं और बुजुर्गों के लिये यह स्थिति चिंताजनक है। सांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों और कमजोर फेफड़ों वाले मरीजों के लिये यह स्थिति बेहद घातक हो जाती है। सरकारों की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन्स होनी चाहिए कि ऐसे में लोगों को क्या करना चाहिए, कहां रहना चाहिए, बाहर निकलने पर कौन सा मास्क पहनना चाहिए।

# युवाओं का भरोसा फिर से कायम करने का समय

गुरुबचन सिंह जगत

**जैसा** कि जीन-जैक्स रूसो ने कहा है—'सामाजिक अनुबंध' वह आधार है जिस पर नागरिक साझी व्यवस्था बनाने एवं जनकल्याण के लिए, अपनी नैसर्गिक स्वतंत्रता को संप्रभु शासन अथवा कानून के अनुसार चलने वाली सरकार द्वारा शासित होने के लिए छोड़ना गवारा करते हैं अर्थात् वोलोन्टे जेनरल (स्वैच्छिक सामान्य इच्छा)। और यह 'सामाजिक अनुबंध' आज दुनिया के अधिकांश हिस्सों में टूटा पड़ा है। युद्ध, दंगे, बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन और हड़तालें इस घटनाक्रम का स्पष्ट प्रतिबिंब हैं।

चरम आंदोलन और पार्टियों का उदय, चाहे वे चरम वामपंथी हों या दक्षिणपंथी, खतरनाक समय के अग्रदूत हैं। सरकार और नागरिक, दोनों को, इस टूटे अनुबंध पर पुनः विचार करना चाहिए। मैं इसे टूटा हुआ कहता हूं क्योंकि राज्य के सात प्राथमिक कर्तव्य-रक्षा एवं सुरक्षा; कानून एवं व्यवस्था; न्याय; अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा; सार्वजनिक वस्तुएं और बुनियादी ढांचा निर्माण; आर्थिक प्रबंधन; और सामाजिक कल्याण—आज अधिकांश देशों में अव्यवस्था की स्थिति में हैं।

हम ऐसे समय में रह रहे हैं जहां दुनिया परस्पर युद्धरत है। मानव जाति का इतिहास मोटे तौर पर युद्ध का वर्णन ही है। इलाके, व्यापार और साम्राज्य-निर्माण को को लेकर युद्ध, आंतरिक अस्थिरता से ध्यान भटकाने और 'विदेशी हाथ' को दोष देने की इच्छा रखने वाले नेताओं द्वारा हमेशा उचित ठहराया जाता है। इन युद्धों में राष्ट्र एक-दूजे पर हमले करते रहते हैं और लाखों-करोड़ों निर्दोष लोग फंस जाते हैं। मतलब यह भी कि देश की संपत्ति और वित्त का बड़ा हिस्सा युद्धक प्रयासों में लगा दिया जाता है, नतीजन शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक उत्थान पर जोर कहीं पीछे छूट



जाता है, देश के भीतर असमानता एवं कलह बढ़ जाती है। आज जिस ओर भी देखें, हम देशों को युद्ध में उलझे पा रहे हैं या तो वे सीधे तौर पर शामिल हैं, सक्रिय या निष्क्रिय रूप से मदद दे रहे हैं या व्यापक विध्वंस पहुंचा रहे हैं।

यूक्रेन को नाटो और रूस को चीन एवं उत्तर कोरिया का समर्थन प्राप्त है। रूसी और यूक्रेनी अर्थव्यवस्थाएं खस्ताहाल हैं, यूक्रेन को हथियारों और सामरिक समर्थन की एवज में अमेरिका को अपने विशाल प्राकृतिक संसाधन देने पड़ रहे हैं। रूस लगभग पूर्ण आर्थिक नाकेबंदी के तहत है, वह चीन पर अत्यधिक निर्भर है। रूसी-यूक्रेनी तेल, गैस और गेहूं की बाधित आपूर्ति के चलते बढ़ी मुद्रास्फीति के कारण दुनिया के बाकी हिस्सों को भी भारी नुकसान हो रहा है। जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देशों ने अपने अन्य क्षेत्रों की एवज में सैन्य खर्च में भारी वृद्धि की। यूरोप अब घरेलू अशांति, कलह का नया मैदान है। फ्रांस, इटली, जर्मनी व सर्बिया में हाल में हिंसक आंदोलन हुए जिनमें सैकड़ों-हजारों प्रदर्शनकारी सुरक्षा बलों से भिड़ते रहे। संपत्तियां लूटी गईं या नष्ट की गईं।

फ्रांस में, आंदोलन छात्र प्रदर्शनों के साथ शुरू हुआ और समाज के अन्य वर्गों में फैल गया, जिसमें पैरेंट्स, शिक्षक और पेशेवर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। छात्र दोयम बुनियादी ढांचे और शिक्षकों की कमी को लेकर आंदोलनरत थे। जैसे-जैसे यह अन्य वर्गों में फैला, पर्याप्त और सस्ते आवास की समस्या, जीवनयापन की बढ़ती लागत और तेल की कीमत जैसी मांगें जुड़ती गईं। इन देशों में अनियंत्रित आप्रवासन को अक्सर अव्यवस्था के लिए दोषी ठहराया जाता है। एक दशक से, अधिकांश यूरोप में बेरोजगारी, उच्च मुद्रास्फीति व जीवन स्तर में गिरावट सहित अर्थव्यवस्था गतिहीन पड़ी है।


इसी तरह, अगर मध्य पूर्व को देखें, तो लगता है हर कोई हर किसी से लड़ रहा है, ईरान अमेरिकियों और इस्राइलियों के निशाने पर है। युद्ध ने पूरे क्षेत्र को चपेट में ले लिया और इसके नतीजे ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को पुनः प्रभावित किया, बढ़ती मुद्रास्फीति, बाधित आपूर्ति श्रृंखला व जीवनयापन की बढ़ी लागत ने अधिकांश परिवारों को हानि पहुंचाई। दक्षिण अमेरिका में, अमेरिका ने वेनेजुएला पर करीब कब्जा कर लिया। 'डोनरो डॉक्ट्रिन' (मोनरो डॉक्ट्रिन का डोनाल्ड ट्रंप संस्करण) को अपनी नीति का आधार बना अमेरिका सैन्य व आर्थिक रूप से महाद्वीप पर हावी होने की कोशिश में है।

एशिया में, नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका में हिंसक आंदोलन और उसके साथ सत्ता परिवर्तन देखा गया। यह सूची लंबी है और मैंने कुछ को ही छुआ है। उन सभी में समान सूत्र यह कि सरकार और लोगों के बीच 'सामाजिक अनुबंध', अक्षरशः और भावनात्मक रूप से, दोनों तरह, टूटा हुआ प्रतीत होता है।

धर्म-ज्योतिष

## हथेली पर बना त्रिशूल या मछली आकृति दिलाता है करियर में सफलता और प्रतिष्ठा

**हथेली** की रेखाओं को देखकर आसानी से पता लगाया जा सकता है कि आपकी किस्मत कितनी अच्छी है। हस्तरेखा शास्त्र के मुताबिक हथेली के पर्वतों, हथेली और अलग-अलग शुभ चिह्नों को जातक के जीवन के अलग-अलग क्षेत्र से जोड़ा जाता है। हथेली पर कुछ विशेष रेखाएं और निशान भी पाए जाते हैं, जो सीधा इस तरफ इशारा करते हैं कि जातक के जीवन में राजयोग है या नहीं। जातक को जीवन में धन, प्रसिद्धि, ऊंचा पद और सम्मान मिलने के योग हैं, तो



इन रेखाओं को देखकर पता चल सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि हथेली पर वह कौन सी रेखाएं हैं, जो आपके जीवन में राजयोग बनाती हैं। हथेली में भाग्य रेखा को जीवन की दिशा और करियर से जोड़कर देखा जाता है। अगर यह रेखा कलाई के पास शुरू होकर हथेली के बीच से गुजरती हुई मध्यमा उंगली के नीचे स्थित शनि पर्वत तक जाती है, बिना कटे या टूटे तो इसको शुभ संकेत माना जाता है। हस्तरेखा के अनुसार, इस भाग्य रेखा वाले जातक को करियर में स्थिरता और आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं।

समसामयिक

## धान के उत्पादन और निर्यात पर प्रतिकूल असर

**देश** की कृषि व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर एक बार फिर मौसम की अनिश्चितता और अल नीनो का गंभीर साया मंडराता नजर आ रहा है। कृषि वैज्ञानिकों और मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार मानसून का कमजोर और असमान रहना खरीफ सीजन के लिए नुकसानदायक साबित हुआ, जिसका असर देश की मुख्य खाद्यान्न फसल यानी धान के रकबे और उसकी कुल पैदावार पर पड़ने की आशंका है। हालांकि, भारत में कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पिछले वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 149.07 से 150.18 मिलियन टन धान का बंपर उत्पादन हुआ था। देश दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक होने के साथ-साथ वर्ष 2012 से सबसे बड़ा निर्यातक भी बना हुआ है, किंतु इस बार की मौसमी परिस्थितियां चिंता का विषय जरूर बन रही हैं। मौजूदा खरीफ सीजन के दौरान कृषि प्रधान राज्यों में मानसून की बेरुखी और सामान्य से काफी कम बारिश दर्ज किए जाने के कारण धान की रोपाई और कुल रकबे में भारी



गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार देश भर में धान का रकबा पिछले साल के मुकाबले घटकर काफी नीचे आ गया है, जिससे उत्तर प्रदेश के पूर्वी और तराई वाले क्षेत्रों तथा हरियाणा जैसे राज्यों में उत्पादन प्रभावित होने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। इसके अलावा, कटाई के समय बेमौसम बारिश के कारण मंडियों में पहुंचे धान का एक बड़ा हिस्सा भीग गया, जिससे उनमें नमी की मात्रा सामान्य से 20 से 22 प्रतिशत तक बढ़ गई है। नमी अधिक होने के कारण मिल मालिक और खरीदार भी धान की खरीद में गहरी रुचि नहीं दिखा रहे हैं और किसानों को कम दाम देने पर मजबूर कर रहे हैं। इस स्थिति का प्रभाव स्थानीय बाजारों और खुदरा मूल्यों पर साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। फसल अभी पूरी तरह बाजार में उतरी भी नहीं है कि खुदरा बाजारों में चावल की कीमतों में लगभग 10 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की जा चुकी है। देश के कई हिस्सों में सोना मसूरी, पोनी और स्वर्णा जैसी लोकप्रिय किस्मों के दाम 10 से 25 प्रतिशत तक उछल चुके हैं। वहीं प्रीमियम चावल के दाम कुछ दक्षिणी क्षेत्रों में और भी अधिक बढ़े हैं। जानकारों का मानना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं और युद्ध जैसे हालातों के चलते जहां एक ओर कई देश अपने घरेलू खाद्य भंडारों को सुरक्षित करने में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर घरेलू स्तर पर मांग बढ़ने से कीमतों पर लगातार दबाव बना हुआ है। हालांकि पूसा के वैज्ञानिकों और कुछ धान विशेषज्ञों का यह भी तर्क है कि देश के पास पर्याप्त बफर स्टॉक मौजूद है और अगेती तथा पिछैती किस्मों का सही संतुलन अंततः इस नुकसान की भरपाई करने में मददगार साबित हो सकता है।

व्यापार

भाई दूज पर सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट

# दिल्ली में सोना 800 रुपये तक टूटा चांदी 5,000 रुपये प्रति किलो लुढ़की

मृदुभाषी। नई दिल्ली

दीपोत्सव के समापन और भाई दूज के पावन अवसर पर देश की राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में कीमती धातुओं के दामों में भारी नरमी देखने को मिली। लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई, वहीं चांदी के भाव भी ताश के पत्तों की तरह धड़ाम हो गए। दिवाली की छुट्टियों के चलते घरेलू बाजार में सुस्त कारोबारी गतिविधियों और वैश्विक दबाव के कारण सोने-चांदी की चमक फीकी पड़ी है।



स्थानीय आभूषण कारोबारियों के अनुसार, दिल्ली में 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 800 रुपये की गिरावट के साथ 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुआ। इससे पिछले सत्र यानी मंगलवार को यह 1,46,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, बीते दो सत्रों से स्थिर चल रही चांदी की कीमतें भी इस गिरावट की चपेट में आ गईं। चांदी के दामों में एक ही दिन में 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम की बड़ी गिरावट दर्ज की गई, जिसके बाद इसका भाव 1,87,500 रुपये प्रति किलोग्राम (कर सहित) पर आ गया। मंगलवार को चांदी 1,92,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने बाजार के इस रुख पर बताया कि दिवाली के त्योहारी अवकाश के कारण स्थानीय बाजारों में व्यापारिक गतिविधियां काफी सुस्त रहीं, जिससे कीमती धातुओं पर बिकवाली का दबाव बना। इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दिए जा रहे कड़े आर्थिक संकेतों और लगातार बनी हुई मुद्रास्फीति के चलते डॉलर इंडेक्स तथा ट्रेजरी यील्ड में मजबूती बनी हुई है। यह स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में किसी भी बड़े उछाल या सुधार की संभावना को सीमित कर रही है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,047.71 डॉलर प्रति औंस पर और चांदी करीब 3 फीसदी सुधरकर 52.86 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। बाजार के जानकारों का मानना है कि वैश्विक भू-राजनीतिक घटनाक्रम भी सर्राफा बाजार को प्रभावित कर रहे हैं। अमेरिका-ईरान शांति समझौते की उभरती उम्मीदों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान ने कि वाशिंगटन, तेल अवीव और तेहरान के बीच का युद्ध प्रभावी रूप से समाप्त हो गया है, बाजार की अनिश्चितता को थोड़ा कम किया है। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, बीते 10 दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 25 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आई है। जब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति वार्ता ठोस रूप नहीं ले लेती, तब तक कमोडिटी बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। निकट भविष्य में सोने का रुझान मंदी की ओर रहने की ही संभावना जताई जा रही है।

# बिना बैंक खाते वाले भी NEFT से भेज सकेंगे 50 हजार तक

मृदुभाषी। मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने घरेलू धन हस्तांतरण (DMT) से जुड़े नए और समेकित निर्देश जारी किए हैं, जो बुधवार से प्रभावी हो गए हैं। केंद्रीय बैंक के इन नए नियमों के तहत अब बैंक शाखाओं पर जाकर एनईएफटी (NEFT) के जरिए किसी भी लाभार्थी के बैंक खाते में 50,000 रुपये तक की राशि सीधे जमा की जा सकेगी। इस कदम का मुख्य उद्देश्य छोटे मूल्य के फंड ट्रांसफर को औपचारिक बैंकिंग चैनलों के माध्यम से बेहद आसान बनाना है, जिससे विशेष रूप से उन प्रवासी श्रमिकों और जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलेगी जिनके पास पहचान या पते के पूर्ण प्रमाण की कमी होती है। भारतीय रिजर्व बैंक (घरेलू धन हस्तांतरण) निर्देश, 2026 के तहत बैंक अब वॉक-इन ग्राहकों को बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स (BCs) और एटीएम के जरिए भी पैसे भेजने की अनुमति दे सकेंगे। जिन लोगों के बैंक




खाते नहीं हैं, वे इस माध्यम से प्रति लेनदेन अधिकतम 5,000 रुपये और प्रति प्रेषक 25,000 रुपये मासिक सीमा के तहत राशि भेज सकेंगे। यह सुविधा छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों के निवासियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। इसके अलावा, बिना बैंक खाते वाले प्राप्तकर्ताओं के लिए बैंक अपने ग्राहकों के खातों से नकद भुगतान की सुविधा भी प्रदान करेंगे, जिसमें एटीएम या बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट के माध्यम से प्रति लेनदेन अधिकतम 10,000 रुपये और प्रति लाभार्थी 25,000 रुपये की मासिक सीमा तय की गई है। हालांकि, कार्ड-टू-कार्ड ट्रांसफर को इन नए निर्देशों के दायरे से पूरी तरह बाहर रखा गया है। वित्तीय सुरक्षा और धोखाधड़ी रोकने के पुख्ता इंतजाम करते हुए आरबीआई ने बैंकों और गैर-बैंक संस्थानों को मजबूत सुरक्षा प्रणालियां विकसित करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत वेग जांच, ग्राहकों को क्रेडिट अलर्ट भेजना, किसी खाते में राशि की असामान्य वृद्धि की तत्काल जांच करना और संदिग्ध लेनदेन की सूचना उचित अधिकारियों को देना अनिवार्य किया गया है।

# शेयर बाजार में उछाल; सेंसेक्स 773 अंक चढ़ा

**मुंबई**। भारतीय शेयर बाजार ने बुधवार को अपनी तेजी जारी रखी। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांक एक फीसदी से अधिक उछले। विदेशी संस्थागत निवेश और अन्य सकारात्मक कारणों से बाजार में यह वृद्धि हुई। सेंसेक्स 772.75 अंक (0.95 फीसदी) बढ़कर 81,879.40 पर बंद हुआ। निफ्टी 210.40 अंक (0.84 फीसदी) की वृद्धि के साथ 25,255.05 पर पहुंचा। एमएंडएम के शेयरों में पांच फीसदी और इंडिगो के शेयरों में चार फीसदी का उछाल देखा गया। अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांकों में तेजी रही, जो बाजार की व्यापक मजबूती का संकेत है। फार्मा और हेल्थकेयर सूचकांक दबाव में रहे। आईटी सूचकांक लगभग सपाट रहा, जबकि आरईआईटी में मामूली गिरावट दर्ज की गई। बाजार में आज की तेजी के पीछे चार प्रमुख कारक बताए गए हैं। इन कारणों से निवेशकों को करीब 6 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह एक बड़ा कारण रहा। अन्य सकारात्मक संकेतकों ने भी बाजार को ऊपर धकेला। यह लगातार दूसरे दिन की तेजी है।

# माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में बढ़े बड़े कर्ज: दूसरी तिमाही में औसतन कर्ज राशि 17.5% बढ़ी, एनबीएफसी-एमएफआई का दबदबा

मृदुभाषी। मुंबई

वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में देश के माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में कर्जदारों द्वारा बड़ी रकम के लोन लेने का चलन तेजी से बढ़ा है। आरबीआई से मान्यता प्राप्त क्रेडिट ब्यूरो 'क्रिफ' (CRIF) की सितंबर 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि में औसत माइक्रोफाइनेंस कर्ज राशि सालाना आधार पर 17.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़त के साथ 63,100 रुपये पर पहुंच गई है। यह आंकड़ा स्पष्ट संकेत देता है कि छोटे कर्जदारों के बीच अब लोन का दायरा और वित्तीय भार दोनों बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक, 80,000 रुपये से 1 लाख रुपये तक के कर्जों की हिस्सेदारी 14.7



प्रतिशत से बढ़कर 18.5 प्रतिशत हो गई है, जबकि 1 लाख रुपये से अधिक के बड़े कर्जों की हिस्सेदारी भी 11.2 प्रतिशत से उछलकर 15.1 प्रतिशत तक जा पहुंची है। इन बड़े कर्जों के कुल वितरण मूल्य में 41.3 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, कुल माइक्रोफाइनेंस कर्ज वितरण सालाना आधार पर 5.1 प्रतिशत बढ़कर 56,956 करोड़ रुपये जरूर रहा, लेकिन पिछली तिमाही की तुलना में इसमें 7.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। वहीं, सक्रिय कर्ज खातों की संख्या 22.4 प्रतिशत घटकर 9.6 करोड़ रह गई है और क्षेत्र का कुल पोर्टफोलियो (कर्ज संग्रह) भी 5 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 3.28 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया। इस पूरे परिदृश्य में एनबीएफसी-एमएफआई (NBFC-MFI) संस्थाओं ने उद्योग में अपनी पकड़ और मजबूत की है। कुल कर्ज संग्रह में उनकी बाजार हिस्सेदारी 38.8 प्रतिशत से बढ़कर 44.7 प्रतिशत हो गई है और उनका पोर्टफोलियो 9.4 प्रतिशत बढ़कर 1.47 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। राहत की बात यह रही कि क्षेत्र की परिसंपत्ति गुणवत्ता मोटे तौर पर स्थिर बनी हुई है और कर्ज भुगतान में चूक (डिफॉल्ट) की दर 1 प्रतिशत से नीचे बनी हुई है। माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र के इस बदलते स्वरूप पर प्रतिक्रिया देते हुए 'भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड' के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तपोब्रत चौधरी ने कहा कि यह क्षेत्र अब परिपक्वता की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहां विकास और जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाए रखना सबसे अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सतत वित्तीय समावेशन के लिए बैंकों और एमएफआई संस्थाओं को कर्ज देने के फैसले लेते समय क्रेडिट ब्यूरो के आंकड़ों के साथ-साथ परिवार की कुल आय, आजीविका और वास्तविक पुनर्भुगतान क्षमता का गहराई से आकलन करना चाहिए, ताकि ग्राहकों पर कर्ज का अत्यधिक बोझ न पड़े।

### मुख्य मार्ग बंद होने से 15 गांवों की आवाजाही प्रभावित, सुनारखेड़ी अंडरपास के रास्ते पर गड्ढे

# धूल के बीच निकल रहे है राहगीर एक साल से अधूरा पड़ा ओवरब्रिज

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** नागदा-गुजरी मार्ग पर रेलवे विभाग की ओर से बनाया जा रहा ओवरब्रिज करीब एक साल बाद भी अधूरा पड़ा है। निर्माण के नाम पर पुराने ब्रिज को तोड़कर मुख्य मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया गया, लेकिन इतने लंबे समय में नया ओवरब्रिज तैयार नहीं हो सका। दूसरी ओर, लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया वैकल्पिक रास्ता भी अब बदहाली का शिकार हो चुका है।

हालात यह हैं कि जिस रास्ते से प्रतिदिन 15 से 16 गांवों के ग्रामीणों की आवाजाही होती है, वहां धूल, कंकर और गड्ढों ने सफर मुश्किल कर दिया है। यानी एक तरफ ओवरब्रिज का निर्माण अधूरा है तो दूसरी तरफ वैकल्पिक मार्ग भी जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते खस्ताहाल हो गया है। ग्रामीणों के सामने अब सवाल यह है कि आखिर उन्हें इस परेशानी से कब राहत मिलेगी। वही जिस मार्ग से ग्रामीण गुजर रहे हैं। इस रास्ते से ग्रामीण गुजर रहे हैं वह धूल से बीमारी का शिकार होरहे हैं।

#### एक साल से बंद मुख्य रास्ता, वैकल्पिक मार्ग पर बढ़ा दबाव

ओवरब्रिज निर्माण के लिए पुराने ब्रिज को तोड़ने के बाद रेलवे विभाग ने मुख्य मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया था। इसके बाद सुनारखेड़ी अंडरपास की ओर से वैकल्पिक रास्ता तैयार कर ग्रामीणों के आवागमन की



व्यवस्था की गई। शुरूआत में इस मार्ग से आवाजाही हो रही थी, लेकिन धीरे-धीरे सड़क की हालत बिगड़ती चली गई। मार्ग को विभाजित कर आवागमन शुरू कराने के करीब एक महीने बाद ही सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ने की स्थिति बनने लगी थी। समय बीतने के साथ पूरी सड़क बदहाल हो गई, लेकिन इसकी मरम्मत कराने की सुध किसी ने नहीं ली।

#### 15 गांवों के हजारों लोगों की आवाजाही इसी रास्ते से

मुख्य मार्ग बंद होने के कारण सुनारखेड़ी अंडरपास वाला वैकल्पिक रास्ता आसपास के 15 से अधिक गांवों के लोगों के लिए आवागमन का प्रमुख माध्यम बन गया है। ग्रामीण रोजाना इसी रास्ते से दोपहिया और चारपहिया वाहनों से गुजरते हैं। विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, किसानों और अन्य ग्रामीणों को भी इसी मार्ग का सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसे में सड़क की बदहाल स्थिति सीधे तौर पर बड़ी आबादी की परेशानी बढ़ा रही है। ओवरब्रिज निर्माण में देरी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

#### सड़क पर गड्ढे या कंकर, धूल के गुबार से राहगीर परेशान

वैकल्पिक मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे, कंकर और धूल-मिट्टी फैली हुई है। वाहनों के गुजरते ही धूल के गुबार उठने लगते हैं। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई स्थानों पर सड़क की सतह इतनी खराब हो चुकी है कि वाहन निकालना भी जोखिम भरा हो गया है। कंकरों के कारण वाहन फिसलने और गड्ढों के कारण संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है। आसपास से गुजरने वाले लोगों को धूल के कारण परेशानी झेलनी पड़ रही है। जिसके कारण बीमारी का शिकार हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव भी नहीं है, इसके बावजूद सड़क की हालत लगातार बिगड़ती गई।

#### शिकायतें बेअसर, मरम्मत के नाम पर अब तक कुछ नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि वैकल्पिक मार्ग की बदहाली को लेकर कई बार संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को अवगत कराया गया, लेकिन शिकायतों के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। न तो गड्ढों को भरने की व्यवस्था हुई और न ही धूल से राहत देने के लिए कोई इंतजाम किए गए। दूसरी ओर, ओवरब्रिज का काम भी अब तक पूरा नहीं होने से मुख्य मार्ग पर आवागमन शुरू होने का इंतजार लंबा खिंचता जा रहा है।

#### निर्माण में देरी की जवाबदेही कौन लेगा?

एक साल का समय बीतने के बाद भी ओवरब्रिज अधूरा होना और वैकल्पिक मार्ग का रखरखाव नहीं होना निर्माण कार्य की निगरानी और विभागीय जवाबदेही पर सवाल खड़े कर रहा है। आखिर निर्माण कार्य पूरा होने तक ग्रामीणों को सुरक्षित और सुगम रास्ता उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी किसकी है? यदि ओवरब्रिज निर्माण में अभी और समय लगना है तो वैकल्पिक मार्ग की मरम्मत क्यों नहीं कराई जा रही? ग्रामीणों की मांग है कि ओवरब्रिज का काम समयसीमा तय कर जल्द पूरा कराया जाए।

# करंट से तड़पते बंदर के बच्चे को बचाने के लिए नहीं पहुंचा वन विभाग

### मौत के दो दिन बाद पहुंचा वनरक्षक; सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी संभालने वाले वन विभाग की संवेदनहीनता का मामला सामने आया है। दिग्ठान के बजरंग मोहल्ले में करंट लगने से घायल बंदर के बच्चे की समय पर उपचार नहीं मिलने से मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। रेंजर सचिन सहदे और डिप्टी रेंजर संतोष उपाध्याय को कई बार फोन लगाने के बाद भी मदद नहीं मिली। बाद में अधिकारियों के मोबाइल बंद हो गए। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज कराई है।

घटना शनिवार शाम की है। स्कूल के पास बंदर का बच्चा बिजली के करंट से घायल हो गया था। रविवार सुबह करीब 9 बजे अंकुश चौधरी ने डिप्टी रेंजर संतोष उपाध्याय को इसकी सूचना दी। रेंजर सचिन सहदे को भी जानकारी दी गई,लेकिन ग्रामीणों के मुताबिक कोई अधिकारी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। मजबूरी में लोगों ने स्थानीय पशु चिकित्सक से फोन पर सलाह लेकर मेडिकल स्टोर से दवाइयां मंगवाईं और खुद उपचार किया। इसके बावजूद सोमवार सुबह बंदर के बच्चे ने दम तोड़ दिया।

#### पंचनामा बनाकर दाह संस्कार

हैरानी की बात यह रही कि बंदर की मौत दो दिन के बाद सोमवार दोपहर करीब 2 से 2:30 बजे के बीच धार से एक वनरक्षक मौके पर पहुंचा। उसने बताया कि उसे सोमवार के दिन ही सूचना मिली थी। इसके बाद पंचनामा बनाकर बंदर का दाह संस्कार किया गया। ग्रामीणों ने पंचनामे में भी संबंधित अधिकारियों की कथित लापरवाही का उल्लेख कराने की मांग की। अंकुश चौधरी का आरोप है कि पंचनामे में अधिकारियों के नाम लिखने को लेकर भी वनरक्षक



ने पहले वरिष्ठ अधिकारी से चर्चा करने की बात कही। वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था कि वन अधिकारियों के मुख्यालय पर नहीं रहने से वन अपराधों की निगरानी और कार्रवाई प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। अब घायल वन्यजीव को समय पर सहायता नहीं मिलने का मामला विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। शिकायतकर्ता अंकुश चौधरी ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा दी है। अब धार डीएफओ को लिखित शिकायत देंगे। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच, संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और वन्यजीवों के रेस्क्यू के लिए त्वरित व्यवस्था बनाने की मांग की है।

#### इनका कहना है...

मैं अभी छुट्टी से लौटा हूं। आप घटना से जुड़े वीडियो और फोटो भेज दीजिए। मैं इन्हें दिखवाकर मामले की जानकारी लेता हूं।

**विजयानंथम टीआर**
**डीएफओ, धार**

# नर्मदा का पानी पपनास नदी में छोड़ने की मांग

### सात गांवों के किसानों ने सौपा मांग पत्र



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**आष्टा।** विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में ग्राम आनंदीपुरा, दारापुर, नवरंगपुर, धूमडाखेड़ी, दोनिया एवं जगन्नाथपुरा सहित अन्य ग्रामों के किसान भाजपा नेता हरेंद्र ठाकुर,निर्मल मेवाडा, सोभालसिंह के नेतृत्व में पहुँचे। इस दौरान किसानों ने अल्प वर्षा से उत्पन्न स्थिति से निपटने माँ नर्मदा नदी का पानी पपनास नदी में छोड़ने के लिए मांग पत्र विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को सौपा।

ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि पपनास नदी पूरी तरह से सुख चुकी है, जिसके कारण किसान पलेवा एवं सिंचाई नही कर पा रहे है,सिंचाई हेतु जल्द से पपनास नदी में नर्मदा का जल छोड़ा जाये ताकि किसान पलेवा,सिंचाई कर सके । विधायक ने सभी किसान भाईयों को भरोसा दिया है कि जल्द वे नदी में पानी छुड़वाएँगे। इसके साथ ही विधायक ने आज जनसुनवाई में आये अन्य कई ग्रामो के ग्रामीणजनों की वन टू वन मिल कर समस्याओं को सुना ।

#### समस्याओं को सुनकर हल करने के निर्देश

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये । आज भी बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आज आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये । विधायक ने नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं,मांगो का जल्द निराकरण होगा ।

# 45 करोड़ से अधिक का गांजा पकड़ा ?

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत एक बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने जिले के विभिन्न ग्रामीण और जंगली इलाकों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए लगभग 17 टन से अधिक हरे गांजे के पौधे जब्त किए हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 45 करोड़ से अधिक आंकी गई है। हालांकि, यह बड़ी सफलता जितनी चौंकाने वाली है, उससे कहीं ज्यादा गंभीर वे सवाल हैं जो इस पूरी कार्रवाई के बाद खड़े हो रहे हैं। तीन महीने तक खेतों में खुलेआम अवैध गांजे की फसल लहलहाती रही, लेकिन जिले का खुफिया तंत्र, स्थानीय थाने और जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सोते रहे।

धार पुलिस द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, जिले के मनावर उमरबन/बढ़िया पटेलपुरा, राजगढ़ (चौबारा, बाग, टांडा, धामनोद और तिरला क्षेत्र के जंगलों और खेतों में व्यापक छापेमार कार्रवाई की गई है। एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत जिले भर में 25 से अधिक गंभीर प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। अकेले उमरबन क्षेत्र के 8 खेतों से लगभग 25 करोड़ मूल्य के पौधे जब्त किए गए थे।

#### अधिकारियों और थाना प्रभारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं?

इस पूरे मामले में एक और गंभीर पहलू सामने आया है। वन क्षेत्रों और उससे लगी जमीनों पर अवैध खेती के मामले में वन विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों पर तो निलंबन जैसी कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई कर दी गई है, लेकिन पुलिस महकमे के उन थाना प्रभारियों और बीट प्रभारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही, जिनके थानों की नाक के नीचे यह अवैध साम्राज्य फल-फूल रहा था? इस बीच यह चर्चा आम हो गई है कि क्या पुलिस विभाग अपने ही भ्रष्ट और लापरवाह मातहतों को बचाने की कोशिश कर रहा है? इतने बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध कारोबार के बावजूद अब तक महज चुनिंदा आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया है। खेत मालिकों और मुख्य संदिग्धों पर एफआईआर तो दर्ज कर ली गई है, लेकिन असली सरगना और इस अवैध धंधे के तक पुलिस अभी तक नहीं पहुंच पाई है।

#### पुलिस के खुफिया तंत्र को भनक क्यों नहीं लगी?

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब कपास तुअर और मक्का जैसी फसलों के बीच गांजे की खेती की जा रही थी, तो क्या स्थानीय बीट के पुलिसकर्मियों, खुफिया तंत्र और थाना प्रभारियों को इसकी जरा भी भनक नहीं थी? जानकारों का कहना है कि आरोपी बड़े शातिराना तरीके से 'मिक्स क्रॉपिंग' का सहारा लेते हैं। जब तक पौधे 2 से 3 फीट के नहीं होते, तब तक वे सामान्य फसलों के बीच छिपे रहते हैं। लेकिन जब पौधे बड़े होकर पकने के कगार पर आ जाते हैं, तब उनकी पहचान आसान हो जाती है। सवाल यह है कि क्या पुलिस प्रशासन और स्थानीय थाने सिर्फ ड्रोन सर्विलांस या मुखबिरों के भरोसे ही बैठे रहते हैं? क्या जमीनी स्तर पर गश्त करने वाली पुलिस इतनी नकारा हो चुकी है कि उसे अपने क्षेत्र में हो रही इतनी बड़ी अवैध खेती दिखाई नहीं दी?

#### अन्तरराष्ट्रीय बाजार तक जुड़े हैं तार?

सूत्रों के अनुसार, धार जिले के जंगलों और खेतों में उगने वाला यह गांजा केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि 'सुखाकर' इसे मध्य प्रदेश के अन्य जिलों और बड़े महानगरों समेत अंतरराष्ट्रीय बाजार तक सप्लाई किए जाने की आशंका है। इतने बड़े पैमाने पर हो रही खेती के लिए बीज कहां से आए, इसे खाद-पानी कौन दे रहा था और इसके पीछे कौन सा बड़ा सिंडिकेट काम कर रहा है? यह जानना जरुरी है।

# फिर बढ़े आवारा श्वान झुंड बनाकर घूम रहे है



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**नलखेड़ा।** नगर में एक बार फिर से आवारा श्वानों की संख्या बढ़ गई है जो झुंड बनाकर घूम रहे है। ये आवारा श्वान कभी भी किसी राहगीर के साथ बड़ी घटना कर सकते है।

नगर परिषद को इन्हें पकड़कर जंगल मे छोड़ना चाहिए। गत कुछ दिनों से नगर में एक बार फिर से आवारा कुत्तों की संख्या अचानक से बढ़ गई है। ये आवारा कुत्ते 8 से 10 की संख्या में झुंड बनाकर मुख्य मार्गो व गलियों में घूमते रहते है। ये जिधर से भी निकलते है नागरिक विशेषकर बच्चें व महिलाएं भय के कारण किसी ओटले अथवा सुरक्षित स्थान पर खड़े हो जाते है इनके निकल जाने के बाद अपने गंतव्य के लिए निकलते है।वर्तमान में त्यौहारों का सीजन चल रहा है ऐसे में गली मोहल्लों के साथ मुख्य बाजार में भी भीड़ रहती है ऐसे में ये आवारा कुत्ते किसी भी दिन कोई बड़ी घटना कर सकते है।नगर परिषद को तत्काल इन्हें पकड़कर जंगल मे छोड़ा जाना चाहिए जिससे इनसे व्याप्त हो रहा भय समाप्त हो सके।

# पैदल यात्रा से पहले करणी सेना अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना समेत 50 गिरफ्तार, लाठीचार्ज

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**रतलाम।** करणी सेना अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना समेत 50 गिरफ्तार, लाठीचार्ज के बाद जेल भेजा रतलाम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों के विरोध में 'सवर्ण न्याय पैदल यात्रा' निकालने की तैयारी कर रहे श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना समेत 50 से अधिक कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके साथ ही परशुराम सेना के राष्ट्रीय संरक्षक और हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कौशिक को भी हिरासत में लिया गया। कौशिक की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पुलिस संरक्षण में अस्पताल ले जाया गया।

घटनाक्रम की शुरूआत बुधवार को शास्त्री नगर स्थित राजपूत बोर्डिंग से हुई, जहां रतलाम से भोपाल तक निकाली जाने वाली पदयात्रा की तैयारियां चल रही थीं। पुलिस प्रशासन का कहना है कि क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू हैं और इस यात्रा की अनुमति नहीं ली गई थी। इसके चलते भारी पुलिस बल ने मकराना और कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए जाने के दौरान कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।पुलिस जब सभी को वाहनों से सैलाना से रतलाम जेल ले जा रही थी, तभी डेलनपुर के पास करणी सैनिकों ने पुलिस के काफिले को रोकने का प्रयास किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

### मुर्हूत की खरीदी — अब किस्मत की पर्ची खोलेगी मुहूर्त की पहली बोली का रास्ता

# मंडी में फिर शुरू होगी सोयाबीन की नीलामी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** दीपावली के अवकाश के बाद आज से कृषि उपज मंडी में एक बार फिर सोयाबीन की नीलामी का दौर शुरू होने जा रहा है। मुहूर्त की पहली खरीदी को लेकर इस बार मंडी में नई व्यवस्था लागू की गई है। अब तक मंडी में सबसे पहले बैलगाड़ी लेकर पहुंचने वाले किसान को पहली बोली में शामिल होने का अवसर मिलता था, लेकिन इस बार यह परंपरा बदल दी गई है। पहली बोली का फैसला अब किसान के मंडी पहुंचने के समय से नहीं, बल्कि लॉटरी से होगा। इसके लिए बैलगाड़ियों के टोकन बनाए जाएंगे और पर्ची निकालकर किसान का चयन किया जाएगा।

मंडी समिति और व्यापारी एसोसिएशन ने सभी किसानों को समान अवसर देने के उद्देश्य से यह बदलाव किया है। आज सुबह 10 बजे मुहूर्त के साथ सोयाबीन की पहली नीलामी होगी। इसके साथ ही दीपावली के बाद मंडी में कारोबार की रफ्तार फिर बढ़ने और किसानों की आवाजाही शुरू होने की उम्मीद है।



पूजा-अर्चना के बाद शुरू होगी नीलामी:
अनाज, दलहन एवं तिलहन व्यापारी विकास समिति की ओर से सुबह 9 बजे पूजा-अर्चना और दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10 बजे मुहूर्त की खरीदी शुरू होगी। परंपरा के अनुसार बैलगाड़ी से लाई गई सोयाबीन की उपज की पहली बोली लगाई जाएगी। आयोजन में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इस वर्ष जिले में मानसून की स्थिति बेहतर रहने से सोयाबीन उत्पादन अच्छा होने की उम्मीद है। ऐसे में किसानों को नई उपज के बेहतर भाव मिलने की आस है।

#### सरकारी खरीदी से किसानों का मोहभंग, 469 पर सिमटा पंजीयनः

सोयाबीन उपार्जन के लिए सरकारी खरीदी केंद्रों पर किसानों की रुचि इस बार काफी कम दिखाई दे रही है। पिछले वर्ष जहां करीब 34 हजार किसानों ने समर्थन मूल्य पर सोयाबीन बेचने के लिए पंजीयन कराया था, वहीं इस बार यह संख्या घटकर महज 469 रह गई है। यानी सरकारी खरीदी के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों की संख्या में भारी गिरावट आई है। इसकी प्रमुख वजह कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन के बेहतर भाव और उपज बेचने के तत्काल नकद भुगतान को माना जा रहा है। खुले बाजार में अच्छे दाम मिलने से किसान सरकारी खरीदी केंद्रों की बजाय मंडियों में उपज बेचने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

#### टोकन के बाद लॉटरी, चयन में नहीं चलेगी पहुंच

मुहूर्त की पहली बोली में शामिल होने के लिए अब तक किसानों के बीच सबसे पहले मंडी पहुंचने की होड़ रहती थी। कई बार एक ही किसान को बार-बार पहला अवसर मिल जाता था, जबकि दूसरे किसान इस परंपरा से वंचित रह जाते थे। इसी स्थिति को देखते हुए इस बार व्यवस्था में बदलाव किया गया है। मुहूर्त की खरीदी में शामिल होने वाली बैलगाड़ियों के नंबर के टोकन बनाए जाएंगे। इसके बाद लॉटरी निकाली जाएगी। जिस किसान के नाम की पर्ची निकलेगी, उसी की बैलगाड़ी में रखी सोयाबीन की उपज की पहली बोली लगाई जाएगी। इससे

# बाबा रामदेव धाम में हुआ अन्नकूट

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम टिकोन में स्थित चमत्कारी बाबा रामदेव धाम के प्रसिद्ध स्थान पर दीपावली पर्व के अंतर्गत पड़वा मंगलवार को अन्नकूट का आयोजन किया गया। इस दिन बाबा रामदेवजी की प्रतिमा के समक्ष छप्पन भोग लगाया जाकर आरती की गई तथा बाबा के सेवक (गुरुजी) द्वारा वर्षभर की भविष्यवाणी की गई, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में प्रदेश के कई स्थानों से बाबारी भक्त उपस्थित रहे।

रामदेव धाम के गुरुजी शिवनारायणजी पाटीदार द्वारा इस दिन भक्तों के दुख-कष्टों का निवारण कर दीप पर्व पर सभी को मंगलमय आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर आगामी वर्ष कैसा रहेगा, इसको लेकर बाबा की गादी से गुरुजी द्वारा भविष्यवाणी भी की गई। जिसके पश्चात 12:30 बजे वार्षिक भविष्यवाणी की गई तथा दोपहर में महाप्रसादी का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्री तथा उज्जैन जिला प्रभारी गौतम टेटवाल, राजगढ़ क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल मालवीय, सुसनेर विधायक भेरू सिंह परिहार बापू , पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में बाबारी भक्तों द्वारा भाग लिया गया। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट व साज-सज्जा की गई थी।



#### -वर्षभर की हुई भविष्यवाणी-

टिकोन पर गुरुजी द्वारा वर्षभर की भविष्यवाणी करते हुए भक्तों को बताया गया कि आगामी नववर्ष में बारिश तथा फसलों की क्या स्थिति रहेगी। वहीं रामदेव धाम पर वर्षभर की होने वाली इस भविष्यवाणी में चांदी, सोने, अनाज सहित अन्य वस्तुओं के भाव तथा प्राकृतिक आपदा व बीमारी आदि के बारे में भविष्यवाणी की गई। रामदेव धाम पर वर्ष भर की होने वाली इस भविष्यवाणी को सुनने के लिए प्रदेश के कई स्थानों के साथ अन्य प्रदेशों से भी बाबारी भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### निमगढ़ और कोठड़ा में प्रस्तावित है स्टेशन, क्षेत्र के विकास को मिलेगी गति

# महेश्वर-कसरावद में बनेंगे दो नए रेलवे स्टेशन, पर्यटन, कृषि को मिलेगी नई उड़ान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**कसरावद।** निमाड़ क्षेत्र के खरगोन जिले के निवासियों का दशकों पुराना रेल कनेक्टिविटी का सपना अब साकार होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मनमाड़-इंदौर नई रेल परियोजना के तहत खरगोन जिले को दो नए रेलवे स्टेशनों की सौगात मिलने जा रही है। महेश्वर तहसील के अंतर्गत निमगढ़ तथा कसरावद तहसील के अंतर्गत कोठड़ा में रेलवे स्टेशन प्रस्तावित हैं। इन दोनों स्टेशनों के निर्माण से महेश्वर, कसरावद, निमरानी औद्योगिक क्षेत्र सहित आसपास के अनेक गांवों को रेल सुविधा का लाभ मिलेगा। मनमाड़-इंदौर रेल संघर्ष समिति के प्रमुख मनोज मराठे ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि यह परियोजना खरगोन जिले के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। महेश्वर से प्रस्तावित निमगढ़ रेलवे स्टेशन की दूरी लगभग 22 किलोमीटर है। वहीं कोठड़ा से निमरानी औद्योगिक क्षेत्र की दूरी मात्र 3 किलोमीटर तथा कसरावद नगर की दूरी लगभग 18 किलोमीटर है। इस प्रकार प्रस्तावित दोनों रेलवे स्टेशनों से महेश्वर और कसरावद सहित आसपास के बड़े क्षेत्र को रेल कनेक्टिविटी का लाभ मिल सकेगा।

कसरावद तहसील के कोठड़ा में प्रस्तावित रेलवे स्टेशन निमरानी औद्योगिक क्षेत्र के लिए विशेष महत्व रखता है। कोठड़ा से निमरानी



औद्योगिक क्षेत्र की दूरी लगभग 3 किलोमीटर और कसरावद नगर की दूरी लगभग 18 किलोमीटर है। इससे निमरानी के उद्योगों, कसरावद के व्यापारियों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को रेल सुविधा का लाभ मिलने की उम्मीद है।

#### किसानों और व्यापारियों को मिलेगी नई ताकत

मनमाड़-इंदौर रेल संघर्ष समिति के खरगोन क्षेत्र के सहयोगी नरेंद्र सिंह चावला ने बताया कि खरगोन जिला कपास, मिर्च, केला और अन्य कृषि उत्पादों के लिए देशभर में अपनी विशेष पहचान रखता है। जिले में रेल कनेक्टिविटी विकसित होने से किसानों और व्यापारियों को अपने उत्पाद बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। मनोज मराठे ने बताया कि मनमाड़-इंदौर रेल परियोजना के निर्माण कार्यों को गति देने के लिए रेलवे द्वारा विभिन्न चरणों में टेंडर जारी किए जा चुके हैं। पहले चरण में महू से ग्यासपुर खेड़ी तक के कार्यों के लिए लगभग पांच हजार करोड़ रुपये की लागत का टेंडर जारी किया गया है। वहीं दूसरे चरण में ग्यासपुर खेड़ी से सेंधवा की ओर रेललाइन निर्माण के लिए भी टेंडर जारी किए गए हैं। परियोजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण, निर्माण और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी आगे बढ़ रही हैं। इससे क्षेत्र में रेललाइन निर्माण की उम्मीदें और मजबूत हुई हैं।

#### दशकों के संघर्ष का परिणाम है परियोजना की प्रगति

मनमाड़-इंदौर रेल संघर्ष समिति के प्रमुख मनोज मराठे ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र को रेल सुविधा से जोड़ने का सपना दशकों पुराना है। इस मांग को लेकर समिति ने लगातार संघर्ष किया है। केंद्र सरकार, रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अनेक बार ज्ञापन प्रस्तुत किए गए। लगातार बैठकों, पत्राचार, जनसंपर्क और विभिन्न स्तरों पर प्रयासों के माध्यम से क्षेत्र की रेल संबंधी मांग को मजबूती से उठाया गया। मराठे ने कहा कि खरगोन जिले में निमगढ़ और कोठड़ा जैसे दो महत्वपूर्ण स्थानों पर रेलवे स्टेशन प्रस्तावित होना पूरे जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे महेश्वर की पर्यटन पहचान, कसरावद और निमरानी का औद्योगिक विकास तथा पूरे जिले के कृषि व्यापार को नई दिशा मिलेगी। रेलवे परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण एवं रेललाइन निर्माण के लिए खरगोन जिले की दो तहसीलों के कसरावद तहसीलः जारोली, औरंगपुरा, नागवा, कोठड़ा और ज्ञानपुरा। महेश्वर तहसीलः मोहिदा, मक्सी, भेड़ियाबाड़ा, नीमगढ़ और कुसुम्भा गांव प्रभावित क्षेत्र में शामिल हैं।

# नपा उपाध्यक्ष अजय यादव की कुर्सी गई, अविश्वास प्रस्ताव पारित

### 18 पार्षदों ने किया मतदान, 14 ने जताया अविश्वास, समर्थन में मिले महज 4 वोट

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अनूपपुर।** नगर पालिका परिषद पसान की राजनीति में आज बड़ा उलटफेर देखने को मिला। नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष अजय ताराचंद यादव के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव भारी बहुमत से पारित हो गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष अजय यादव अब उपाध्यक्ष नहीं रहे है।

बुधवार को संपन्न हुई मतदान प्रक्रिया में अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 14 वोट पड़े, जबकि उपाध्यक्ष के समर्थन में केवल 4 पार्षदों ने मतदान किया। इस तरह 18 पार्षदों के मतदान में 14 मत अविश्वास के पक्ष में आने से उपाध्यक्ष अपनी कुर्सी बचाने में नाकाम रहे।अइसके बाद विपक्षी खेमे में उत्साह का माहौल देखने को मिला और जो पार्षद उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए थे, उन्होने जश्न मनाया।

#### अध्यक्ष सहित 16 पार्षदों ने जताई थी नाराजगी

जानकारी के अनुसार, नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह सहित 16 पार्षदों ने उपाध्यक्ष अजय यादव के कार्यों



और कार्यप्रणाली पर नाराजगी जाहिर करते हुए अनूपपुर कलेक्टर रत्नाकर झा को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन के माध्यम से उपाध्यक्ष को पद से हटाने की मांग करते हुए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल की गई थी।

#### प्रशासनिक टीम की निगरानी में प्रक्रिया

मामले में कलेक्टर द्वारा अनूपपुर एसडीएम एवं तहसीलदार की टीम गठित की गई थी। गठित प्रशासनिक टीम ने 11 नवंबर को सुबह 11 बजे से नगर पालिका परिषद पसान में अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया संपन्न कराई। परिषद के सभी 18 वार्डों के पार्षदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

#### 14 बनाम 4 के आंकड़े ने तय किया राजनीतिक भविष्य

मतदान के बाद सामने आए परिणाम ने स्पष्ट कर दिया कि उपाध्यक्ष अजय यादव के खिलाफ पार्षदों में असंतोष गहरा था। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 14 मत और विरोध में मात्र 4 मत मिलने से प्रस्ताव पारित हो गया। इस घटनाक्रम के बाद पसान नगर पालिका की राजनीति में नए समीकरण बनने की संभावना जताई जा रही है।

#### शहीद परिवारों के साथ मनाई दीपावली

**देवास।** हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए सैनिक संगठन जिला देवास एवं शौर्य नमन फाउंडेशन इंदौर के सदस्यों ने इस वर्ष भी दीपावली का पर्व शहीद परिवारों के साथ मनाया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने जिले के अमर शहीद संजय यादव (कुल्ला), संजय मीणा (संवारसी), सुरेंद्र गोहिल (एनाबाद), जागेश्वर धाकड़ (बरोठा) एवं पवन कारपेंटर (सिरोलिया) के शहीद स्मारकों पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन के सदस्यों ने शहीदों के परिजनों से मुलाकात कर दीपावली की खुशियां साझा कीं और उनके त्याग, बलिदान एवं देशभक्ति को नमन किया।

इस पहल के माध्यम से सैनिक संगठनों ने संदेश दिया कि देश की रक्षा में सर्वाच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों के परिवार अकेले नहीं हैं, पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर शौर्य नमन फाउंडेशन के अध्यक्ष रमेश शर्मा, अक्षय की तलवार हिमांशु शर्मा, सैनिक संगठन देवास से संगठन के अध्यक्ष कैप्टन राजेंद्र बरनासिया, संगठन के उपाध्यक्ष भारत पाटीदार, पूर्व सैनिक परिषद सिरोलिया से बंशीधर मंडलोई वह अन्य साथी उपस्थित रहे।

# 2 लाख का गांजा सहित एक गिरफ्तार

### घर में रखा था 10.398 किलो गांजा, एनडीपीसी एक्ट में प्रकरण दर्ज

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**कसरावद।** पुलिस ने अवैध गांजे पर बड़ी कार्यवाही करते हुए घर में संग्रहण कर रखे 10.398 किलोग्राम गांजा जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जप्त गांजे का अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 8 हजार है। घटना को लेकर बुधवार को पुलिस द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीओपी श्वेता शुक्ला एवं थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, ग्राम बिठेर का आयुष अपने गाँव में गांजा बेचता है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी कसरावद इंद्रेश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन की।

पुलिस टीम के द्वारा ग्राम बिठेर में आयुष के घर पर घेराबंदी कर दबिश दी गई मौके पर एक व्यक्ति मिला जिससे उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम आयुष पिता विष्णु पाटीदार निवासी ग्राम बिठेर का होना बताया । पुलिस टीम के द्वारा आसपास सर्चिंग करने के दौरान उसके बाड़े में



प्लास्टिक की थैली में अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला । पुलिस टीम के द्वारा आयुष से गाँजा रखने के संबंध में वैध दस्तावेज व लाइसेंस के होने का पूछने पर उसने कोई दस्तावेज नहीं होने की जानकारी पुलिस को दी।

पुलिस टीम के द्वारा मौके पर आरोपी आयुष पिता विष्णु पाटीदार उम्र 25 साल निवासी ग्राम बिठेर के कब्जे से 10.398 किलोग्राम गांजा किमती लगभग 2,08,000/- को नियमानुसार विधिवत जप्त कर थाना कसरावद पर अपराध क्रमांक 430/2026 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

उक्त कार्यवाही में एसडीओपी मण्डलेश्वर श्रीमति श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक इंद्रेश त्रिपाठी के नेतृत्व में उनि जितेंद्र कवचे, सउनि शत्रुघ्न देशमुख, आरक्षक हरिओम कौशिक, सौरभ, जितेंद्र जाट, अजय, दिनेश, रामू भदौरिया व मआर ललिता का विशेष योगदान रहा ।

#### इनका कहना है कि...

राज्य स्तरीय एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत कसरावद पुलिस द्वारा अवैध गांजे पर कार्यवाही की गई। मादक पदार्थों के अवैध विक्रय को लेकर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

**इंद्रेश त्रिपाठी थाना प्रभारी कसरावद**

# स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाएं : कलेक्टर मीना

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**आगर मालवा।** कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों की बैठक लेकर स्वामित्व योजना के तहत आबादी भूखंडों की रजिस्ट्री निष्पादन के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वामित्व योजना के रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाते हुए सभी पटवारी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक पटवारी 70 प्रतिशत से अधिक रजिस्ट्री कार्य पूर्ण करे।

कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने निर्देशित किया कि सभी पटवारी नियमित रूप से अपने क्षेत्र में फील्ड पर उपस्थित रहकर रजिस्ट्री के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराएं। जिन ग्रामों में रजिस्ट्री कार्य की प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष ध्यान देते हुए लंबित प्रकरणों का निराकरण करवाए। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा पटवारियों की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा कर लक्ष्यपूर्ति सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर मीना ने कहा कि स्वामित्व योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसके माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्र के भूखंड धारकों को उनके भूखंड का वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। अतः सभी राजस्व अधिकारी एवं मैदानी अमला आपसी समन्वय से कार्य करते हुए अभियान को गति प्रदान करें।

# भगवान महावीर के निर्वाण महोत्सव पर जैन समाज ने मंदिरों में चढ़ाए लड्डू

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**नलखेड़ा।** जगत को अहिंसा एवं करुणा का संदेश देने वाले जैन धर्म के अंतिम 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव तथा अनंत लब्धि के दाता गणधार गौतम स्वामी के केवल ज्ञान, केवल दर्शन का महापर्व दीपावली की पड़वा पर जैन समाजजनों द्वारा जैन मंदिरों में निर्वाण लाडू परमात्मा को विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ समर्पण किए गए। श्रीचंदा प्रभु जैन श्वेताम्बर मंदिर, श्री पार्श्व कुशल सूरि मंदिर व दादावाड़ी, श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम लालूखेड़ी, श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर चौक बाजार, श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नीमा कॉलोनी के मंदिरों में परमात्मा के समक्ष निर्वाण लाडू लाभार्थी परिवारों द्वारा चढ़ायें गए।

ब्रह्म मुहूर्त में चंदा प्रभु जैन मंदिर का द्वार उद्घाटन व परमात्मा का अभिषेक व पूजन लाभार्थी सकलेचा परिवार द्वारा किया गया। जैन आराधना भवन पर साध्वीजी के श्री मुख से गौतम रास का वांचन हुआ। इसी के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन भी हुए।

#### पूजा की विभिन्न सामग्री हाथों में लेकर मंदिरजी पहुंचें

स्थानीय जैन श्वेताम्बर समाज में चातुर्मास हेतु विराजित श्री कलिकुंड तीर्थोद्धारक परम पूज्य राजेंद्र सुरीश्वर जी महाराजा की आज्ञानुवर्ती परम पूज्य राजगुणा श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा की पावन निश्रा में परमात्मा के मंदिर का द्वार उद्घाटन लाभार्थी सुंदरकुमार प्रतिक कुमार सकलेचा परिवार द्वारा किया गया। इसके पूर्व सकल श्री संघ जैन आराधना भवन से साध्वी मंडल को साथ लेकर लाभार्थी सकलेचा परिवार के निवास स्थान पर पहुंचें। जहां से सकल श्री संघ गाजे-बाजे के साथ प्रमुख मार्ग से परिवारजन पूजा की विभिन्न सामग्री हाथों में लेकर मंदिरजी पहुंचें। जहां मंत्रोच्चार के साथ द्वार उद्घाटन कार्यक्रम



हुआ। समाज जनों को नूतन वर्ष के प्रथम दिवस परमात्मा के दर्शन करवाए गए। इसके बाद मंदिरजी में भक्तामर पाठ के साथ परमात्मा का अभिषेक ,पूजन भी लाभार्थी सकलेचा परिवार द्वारा किया गया। तत्पश्चात परमात्मा को निर्वाण लाडू अर्पण करने का चढ़ावा बोला गया जिसका लाभ भी सुंदरकुमार प्रतिक कुमार सकलेचा परिवार द्वारा लेकर परमात्मा को विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ निर्वाण लाडू समर्पण किए गए। इस अवसर पर लाभार्थी परिवार द्वारा मंदिर के पुजारी परिवार का सम्मान कर बहुमान किया गया।

#### निर्वाण लाडू समर्पित करने का विशेष महत्व है

भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस पर निर्वाण लाडू समर्पित करने का विशेष महत्व है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए नगर के विभिन्न जैन मंदिरों में लाभार्थी परिवारों के साथ समाजजनों द्वारा विधि-विधान से निर्वाण लाडू चढ़ाए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मंदिरों में पहुंचे। इस मौके पर परमात्मा, दादा गुरुदेव तथा अधिष्टायिक देवी - देवताओं की नव वर्ष पर लाभार्थी परिवारों द्वारा आरती की गई। इसके पूर्व लाभार्थी राजेंद्र कुमार रवि कुमार सकलेचा परिवार द्वारा देसी घी के पात्र में परमात्मा के प्रतिबिंब को देखा गया।

#### दिगंबर जैन समाज में भी हुआ निर्वाण लाडू कार्यक्रम-

भगवान महावीर का निर्वाण महोत्सव स्थानीय दिगंबर जैन समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नीमा कॉलोनी स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, चौक बाजार स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर श्री जी के समक्ष विधि विधान के साथ समाज जनों द्वारा निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। आराधना भवन में गौतम रास के पश्चात गुदरावन मार्ग स्थित श्री पार्श्व कुशल सूरी मंदिर दादावाड़ी में भी लाभार्थी सुरेशकुमार पुनीत कुमार कांठेड़ परिवार द्वारा निर्वाण लाडू परमात्मा के समक्ष अर्पण किया गया। परमात्मा की आरती के साथ दादा गुरुदेव तथा अन्य देवी देवताओं की आरती लाभार्थी राजेंद्रकुमार रविकुमार सकलेचा परिवार द्वारा की गई। दीपोत्सव पर्व को लेकर मंदिरजी तथा दादावाड़ी में स्थित परमात्मा तथा दादा गुरुदेव की मनमोहक अंगी रचना सुरेशचंद कांठेड़ तथा अशोक धारीवाल द्वारा की गई थी।

**त्यौहार** श्री कामधेनु गौ सेवा संस्थान में हुआ आयोजन

# गोवर्धन महाराज को लगाया गया 56 भोग

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अनूपपुर।** धनपुरी नगर के श्री कामधेनु गौ सेवा संस्थान एवं गौशाला में गोवर्धन पूजा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गोवर्धन महाराज को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान गौ माता का पूजन, राधा-राधा रमण भजन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया। धार्मिक आयोजनों से पूरा गौशाला परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।

यह आयोजन संस्थान की नौ वर्षों की गौ सेवा यात्रा के उपलक्ष्य में भी विशेष महत्व रखता है। बीते नौ वर्षों से संस्थान निराश्रित, बीमार, घायल एवं सड़क दुर्घटनाओं में चोटिल गोवंश की सेवा, उपचार और संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संस्थान की यह यात्रा संघर्ष, समर्पण, सेवाभाव और समाज के सहयोग की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर सामने आई है।



#### गौ माता की सेवा ही श्रीकृष्ण की सच्ची आराधनाः राम दुबे

गोवर्धन पूजा के अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष एवं संस्थापक राम दुबे ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में गौ माता का स्थान अत्यंत पूजनीय है। भगवान श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन हमें गौ सेवा, प्रकृति संरक्षण और सभी जीवों के प्रति करुणा एवं प्रेम का संदेश देता है। गोवर्धन पूजा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति और गौ माता के प्रति हमारी श्रद्धा, आस्था और कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मंदिरों में पूजा-अर्चना करना हमारी आस्था है, लेकिन किसी बेसहारा, भूखी, बीमार अथवा घायल गौ माता को सहारा देना भी भगवान श्रीकृष्ण की सच्ची आराधना है। गौ माता की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है। संस्थान का प्रयास है कि सड़क पर लावारिस अवस्था में मिलने वाले प्रत्येक बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को समय पर उपचार, सुरक्षित आश्रय और उचित देखभाल मिल सके। राम दुबे ने कहा कि संस्थान की नौ वर्षों की यह यात्रा केवल एक संस्था का सफर नहीं, बल्कि गौ माता के प्रति समर्पण, संघर्ष और अटूट विश्वास की कहानी है। जब तक किसी बेसहारा गोवंश को सहारे और सेवा की आवश्यकता रहेगी, तब तक संस्थान का गौ सेवा अभियान निरंतर जारी रहेगा।

#### अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ आयोजन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रविंद्र कौर छाबड़ा उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री हनुमान खंडेलवाल, श्री आनंद मोहन जायसवाल, सोहागपुर क्षेत्र की जीएम श्रीमती एलोरा जेना, वर्कशॉप इंचार्ज श्री सिद्दीकी, शैलेन्द्र पराउया एवं राकेश सोनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अलावा संस्थान के संरक्षक लालू भैया, अनूप तिवारी, जयंत जायसवानी एवं चीनी भैया, संस्थान के मार्गदर्शक गौरव तिवारी, अरविंद रजक, विजय भूमिया, राजा सिंह, आकाश वर्मन, गोलू भैया, अश्वनी सिंह, स्वस्तिक मिश्रा, पवन, शनि, मंटू भैया, पंडित जी, शिवनाथ द्विवेदी, विकास गौतम, विनय राज सोनी एवं मयंक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गौ सेवक, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# धर्मगुरु का किया भव्य स्वागत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**नलखेड़ा।** बोहरा समाज के लिए ऐतिहासिक और भावुक क्षणों से भरा दिन तब रहा, जब बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब का नलखेड़ा आगमन हुआ। इस दौरान समाजजनों ने उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया।

धर्मगुरु के नगर आगमन की सूचना मिलते ही बोहरा समाज में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई। देर शाम लगभग 7:40 बजे धर्मगुरु के नलखेड़ा पहुंचने पर समाजजनों ने दर्शन कर उनका श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया। नगर में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया तथा जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

धर्मगुरु सैयदना साहब ने नगर में बोहरा समाज के 21 परिवारों के प्रतिष्ठानों एवं निवासों पर अपने पवित्र कदम रखकर परिवारजनों को बरकत से नवाजा। इसके पश्चात समाज के सचिव हुसैन भाई दरबार के निवास पर भोजन का आयोजन किया गया। बाद में धर्मगुरु ने जुल्फिकार अली दरबार के निवास पर विश्राम किया।

#### परिवार में अपार खुशी और उत्साह का माहौल

धर्मगुरु के प्रथम नगर आगमन को लेकर बोहरा




समाज के प्रत्येक परिवार में अपार खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। समाजजनों का कहना है कि कई वर्षों के लंबे इंतजार के बाद नलखेड़ा नगर के बोहरा समाज को अपने धर्मगुरु के आगमन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बुधवार प्रातः धर्मगुरु के बोहरा मस्जिद पहुंचने पर समाजजनों को उनके आशीर्वचन एवं प्रवचन सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके बाद धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब नलखेड़ा से आगे के लिए प्रस्थान करेंगे। धर्मगुरु के आगमन ने नलखेड़ा के बोहरा समाज के लिए इस दिन को यादगार और ऐतिहासिक बना दिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली में प्रदान किया राष्ट्रीय पुरस्कार

# स्वच्छ सर्वेक्षण: कचरा प्रबंधन में उज्जैन देश में प्रथम स्थान पर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन ने स्वच्छता के मैदान में एक बार फिर देशभर में अपनी सफलता का परचम लहराया है। शहर ने कचरा प्रबंधन को केवल कचरा उठाने तक सीमित न रखकर उसे उपयोगी उत्पादों और आजीविका का साधन बनाने की दिशा में अनुकरणीय मिसाल पेश की है। इसी का परिणाम है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में उज्जैन को देश में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है। बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव और निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने इस सम्मान को ग्रहण किया।

पुरस्कार मिलने की खबर उज्जैन पहुंचते ही नगर निगम मुख्यालय परिसर में जश्न और उत्साह का माहौल बन गया।



जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सफाई मित्रों ने ढोल-ताशों की थाप पर थिरकते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

### कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की नवीन व्यवस्थाएं मुख्य कारण

उज्जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे कचरे के वैज्ञानिक एवं प्रभावी निस्तारण की नवीन व्यवस्थाएं मुख्य कारण रहीं। शहर के प्रमुख मंदिरों महाकाल, मंगलनाथ और कालभैरव में चढ़ने वाले फूलों से 3 टीपीडी क्षमता के प्लांट में शिव अर्पण स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अगरबत्ती, धूपबत्ती और गुलाल तैयार किया जा रहा है। वहीं, शिप्रा नदी के घाटों पर छोड़े गए पुराने कपड़ों से सौम्या स्व-सहायता समूह पेपर बैग बना रहा है। इसके अतिरिक्त, मक्सी रोड स्थित बायोमेथेनेशन प्लांट में सब्जी मंडी के गीले कचरे से बिजली उत्पादन हो रहा है, जबकि एमआर-5 रोड स्थित प्लांट में निर्माण मलबे से पेवर ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। शहर के सभी 54 वार्डों में 96 डोर-टू-डोर वाहनों के माध्यम से गीला, सूखा, सेनेटरी और हानिकारक कचरा अलग-अलग संग्रहित किया जाता है, जिसमें 95 प्रतिशत से अधिक पृथक्कीकरण प्राप्त हो रहा है। शहर में दिन और रात मिलाकर तीन बार सफाई व्यवस्था संचालित की जाती है। साथ ही, गोंदिया और एमआर-5 डंपिंग साइट पर वर्षों से जमा 1.47 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे का पूर्ण निस्तारण कर वहां आकर्षक उद्यान विकसित किए गए हैं। नियमों के उल्लंघन पर वित्तीय वर्ष में 5536 चालान बनाकर 24.40 लाख रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया। निगम प्रशासन ने इस ऐतिहासिक सफलता का पूरा श्रेय सफाई मित्रों, जनप्रतिनिधियों और उज्जैन के जागरूक नागरिकों के सामूहिक प्रयासों को दिया है।

# महाकाल में फिर विवाद: दिल्ली के श्रद्धालुओं पर एफआईआर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**उज्जैन।** भगवान महाकालेश्वर मंदिर में सुरक्षाकर्मियों और श्रद्धालुओं के बीच विवाद का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार तड़के भस्म आरती के दौरान दिल्ली से आए चार श्रद्धालुओं और मंदिर के सुरक्षाकर्मियों के बीच जमकर मारपीट की घटना सामने आई। इस मामले में मंदिर समिति की कोर सिक्योरिटी कंपनी के एएसओ पवन शर्मा की शिकायत पर महाकाल थाना पुलिस ने दिल्ली निवासी जतिन गोयल, अनुज गोयल, अमर गोयल और सत्यम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह भस्म आरती के समय चलित दर्शन की व्यवस्था के तहत त्रिवेणी द्वार के अंदर श्रद्धालुओं को कतारबद्ध किया गया था। इसी बीच अन्नक्षेत्र के पास लगा बैरिकेड खुल जाने से व्यवस्था अचानक बिगड़ गई। जब सुरक्षा गार्ड बैरिकेड दोबारा लगाने की कोशिश कर रहे थे, तब कतार टूटने और श्रद्धालुओं के दो हिस्सों में बटने को लेकर सुरक्षाकर्मियों व दर्शनार्थियों में कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

### ठेके पर तैनात सुरक्षाकर्मी मंदिर और उज्जैन शहर की छवि खराब कर रहे

स्थानीय राजनीति भी गर्मा गई है। भाजपा पार्षद शिवेंद्र तिवारी ने मंदिर व्यवस्थाओं की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि ठेके पर तैनात सुरक्षाकर्मी मंदिर और उज्जैन शहर की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महाराज रवींद्र पुरी के साथ भी बदसलूकी हुई थी। पार्षद ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इस विषय पर तुरंत संज्ञान लेने और मंदिर सुरक्षा की कमान निजी गार्ड्स के बजाय अर्धसैनिक बलों (पैरामिलिट्री फोर्स) को सौंपने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि सुरक्षाकर्मियों के आवेदन पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। हालांकि, घटना का वास्तविक कारण और गलती किसकी थी, इसका खुलासा मंदिर परिसर के सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद ही हो सकेगा।

### माहेश्वरी समाज देवास का अन्नकूट महोत्सव 13 नवंबर को मनाया जाएगा

देवास। माहेश्वरी समाज देवास के मीडिया प्रभारी राजेंद्र मुंदडा एवं अध्यक्ष दिनेश एम भूतड़ा ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी समाज का अन्नकूट महोत्सव शुक्रवार 13 नवंबर को भेरूगढ़ स्थित राम मंदिर में मनाया जाएगा। माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष अनीता मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर भगवान को महिला संगठन द्वारा 56 भोग भी लगाया जाएगा। जब इंद्र देवता ने वृंदावन में भारी बारिश कर दी थी तब भगवान श्रीकृष्ण जी ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर सभी बृजवासियों की रक्षा की थी ।

# छह साल बाद भी नहीं मिली अनुकंपा नियुक्ति



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**शाजापुर।** परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। दादा पशुपालन विभाग में स्थायी कर्मचारी थे, जिनकी मौत के बाद परिजनों को न तो मृत्यु के बाद मिलने वाला पैसा मिला और न ही परिवार के किसी सदस्य को आज तक अनुकंपा नियुक्ति मिली। थक हारकर अब परिजनों ने जनसुनवाई का सहारा लिया है।

मृतक के पोते अजय मालवीय ने मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन देकर कार्रवाई और राहत की मांग की। ग्राम खड़ी निवासी अजय ने आवेदन में बताया कि उनके दादा किशनलाल मालवीय पशु औषधालय खड़ी में स्थायी कर्मचारी थे। उनका निधन 8 जनवरी 2020 को हुआ था। अजय ने बताया कि परिवार को अब तक आर्थिक सहायता, मृत्यु के बाद मिलने वाली राशि और अन्य लाभ नहीं मिले हैं। अजय ने कहा कि नियमों के मुताबिक मिलने वाली एक्स ग्रेशिया (अनुग्रह राशि) का भुगतान तुरंत होना था, लेकिन छह साल बाद भी राशि नहीं मिली। उन्होंने बताया कि इस दौरान परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होती गई और आज हम लोग आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन करते हुए 6 साल बीत चुके हैं लेकिन कोरे आश्वासन ही दिए जा रहे हैं।

### अधिकारियों पर आरोप

अजय ने विभाग की नोडल अधिकारी डॉ. लता धनघोरिया और उपसंचालक डॉ. प्रशांत माहिड़िक पर भी आरोप लगाए। उनका कहना है कि दादा की मौत के बाद मिलने वाली राशि और अन्य क्लेम के लिए कई बार निवेदन किया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अजय ने रिश्वत मांगने का आरोप भी लगाया।

# रैफर होकर आई प्रसूता और नवजात की मौत

## परिजनों ने किया हंगामा, परिजनों का आरोप मोबाइल में व्यस्त रहा स्टॉफ

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**शाजापुर।** जिला अस्पताल में सोमवार रात बोलाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर होकर आई प्रसूता और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर समय पर इलाज नहीं मिलने का आरोप लगाया। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। उनका आरोप था कि हमारे यहां पहुंचने के बाद भी किसी ने प्रसूता की सुध नहीं ली और ये लोग मोबाइल चलाने में व्यस्त थे।

जानकारी के अनुसार ग्राम सिमरोल निवासी मोनिका पति हंसराज परमार को प्रसव संबंधी परेशानी के चलते पहले बोलाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। वहां



नवजात की हलचल ठीक नहीं थी और प्रसूता को ब्लीडिंग हो रही थी। इसके बाद दोनों को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। कुछ समय बाद प्रसूता और नवजात की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर और कर्मचारी मोबाइल फोन चलाने में व्यस्त थे। इस कारण प्रसूता और नवजात को समय पर इलाज नहीं मिल सका। हालांकि मौत की वजह और इलाज में लापरवाही हुई या नहीं यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। फिलहाल मामले में अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार सुबह प्रसूता और नवजात के शव परिजनों को सौंप दिए गए।

### फर्श पर दिया बच्चे को जन्म

कुछ देर बाद ही डिलीवरी के लिए लाई गई एक अन्य गर्भवती महिला को भी प्रसव पीड़ा होने पर यहां लाया गया था। जिसने कुछ देर बाद ही अस्पताल परिसर में फर्श पर ही प्रसव हो गया। मरीजों के परिजनों ने शोर मचाया तब अस्पताल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और महिला व नवजात को इलाज के लिए ले गए। दोनों की हालत स्वस्थ बताई गई है। एक ही शाम में सामने आई इन दोनों घटनाओं के बाद जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं और आपातकालीन सेवाओं पर सवाल उठ रहे हैं।

# जमानत के बाद पिता को सौंपा, उपचार के दौरान मौत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**शाजापुर।** धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के मामले में न्यायिक अभिरक्षा में रहे 19 वर्षीय युवक की इंदौर के एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जमानत मिलने के बाद उसे अस्पताल में ही पिता के सुपुर्द कर दिया गया था। जेल प्रशासन का कहना है कि जमानत के बाद युवक के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं मिली।

जेल अधीक्षक दुष्यंत पगारे ने बताया कि विशाल पिता दिलीप सिंह गुर्जर निवासी ग्राम घरटखेड़ी जिला देवास को लालघाटी थाना शाजापुर के अपराध क्रमांक 169/26 में 8 अगस्त 2026 को जिला जेल शाजापुर लाया गया था। 22 अक्टूबर को विशाल की दाईं जांघ में फोड़ा होने पर उसे पुलिस बल के साथ इलाज के लिए जिला अस्पताल शाजापुर भेजा गया। संक्रमण बढ़ने पर 28 अक्टूबर को उसे इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) शाजापुर सुनयना श्रीवास्तव ने 24 अक्टूबर 2026 को जमानत आदेश क्रमांक 58 जारी किया था।

जमानत मिलने के बाद 29 अक्टूबर को पुलिस गार्ड की मौजूदगी में जरूरी मुचलके की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद विशाल को उसके पिता दिलीप गुर्जर के सुपुर्द कर न्यायिक अभिरक्षा से मुक्त कर दिया गया। दस्तावेज के मुताबिक, यह कार्रवाई विशाल की सहमति से की गई थी।

### तेज रफ्तार मिनी ट्रक संकेतक बोर्ड से टकराया, तीन घायल

**देवास।** सिविल लाइन चौराहे के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार मिनी ट्रक संकेतक बोर्ड से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि संकेतक बोर्ड सड़क पर गिर गया और चालक केबिन से उछलकर सड़क पर जा गिरा। हादसे में चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। मिनी ट्रक इंदौर से भोपाल की ओर जा रहा था। उसमें गोलू और महेंद्र भी सवार थे, जो लिफ्ट लेकर सफर कर रहे थे। परिजनों के अनुसार दोनों सीहोर जिले के निवासी हैं। उनकी बाइक भी मिनी ट्रक में रखी हुई थी। हादसे में घायल चालक रविंद्र को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, वहीं, गोलू और महेंद्र को भी पहले जिला अस्पताल ले जाया गया।

# पठान-राजा के दम से रोमांचित दंगल

## पाड़ों की लड़ाई, पांडूखोड़ा की बल्डी पर लगी शौकिनों की भीड़

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**शाजापुर।** पाण्डुखोरा की बलड़ी पर पड़ों की दंगल ने मंगलवार को इस लड़ाई के शौकीनो को रोमांचित कर दिया। दोपहर तीन बजे पड़ों की दो जोड़ दम दिखाने के लिए मैदान के बाहर नाथूने फुला रहीं थी।

दंगल के शुरूआत में चिनेश गवली के पाड़े विराट और कृष को मैदान में उतारा। इनकी शुरूआती भिड़ंत जोरदार हुई, मगर उत्साही दर्शकों ने दोनों पाड़ों को ज्यादा देर मैदान में नही टिकने नही दिया। कृष ने दंगल छोड़कर दौड़ लगा दी और लड़ाई का नतीजा विराट के पक्ष में रहा। दूसरा मुकाबला बहुत ही रोमांचित रहा। सैयद शाहिद अली के पाड़े पठान और राजा ने




एक दूसरे पर जमकर भिट्टो के वार किये। लम्बी लड़ाई में मुकाबला बराबरी का रहा। पठान और राजा नामक पाड़े मैदान में डटे रहे, जिन्हे बाद में रस्सों की मदद से ट्रेक्टर से बांध कर अलग करना पड़ा।

### परम्परा वर्षो पुरानी

गौरतलब है यहां पाड़ों की लड़ाई की परम्परा वर्षो पुरानी है। दीपावली के पांच दिवसीय पर्व के दौरान पशु पालक पाड़ों का दंगल करवाते हैं, हालांकि पशुओं की लड़ाई को शासन पशु क्रूरता की श्रेणी में रखता है, इसलिए प्रशासन अनुमति नही देता है, मगर दंगल के शौकीन पाड़ों की लड़ाई करवा ही देते हैं। जबकि लड़ाई देखने वाले भी हजारों की तादाद में गुप्त स्थान पर पहुंच ही जाते हैं।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 नवम्बर से

**देवास।** ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं एवं बेरोजगार व्यक्तियों को तकनीकी कौशल प्रदान कर स्वयं का रोजगार शुरू करने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) देवास द्वारा 23 नवम्बर से प्रस्तावित निःशुल्क आवासीय 06 दिवसीय ई-रिक्शा, ई-स्कूटर एवं बैटरी रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आरसेटी भवन, नई तहसील के पीछे, बीमा चौराहा उज्जैन रोड देवास में किया जा रहा है। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होना तथा उसके परिवार के पास गरीबी रेखा के नीचे का राशन कार्ड होना चाहिए।

# दीपमाला से दिया वृक्षों के संरक्षण पोषण का संदेश

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**देवास।** बद्रीधाम नगर अर्चना विहार गार्डन में सृष्टि सेवा संकल्प, देवास इकाई द्वारा अनूठी वृक्ष दीपावली मनाई गई। यहाँ दीप घरों की देहरी के साथ ही वृक्षों की छाया तले भी प्रज्वलित हुए।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा वृक्ष केवल लकड़ी और पत्ते नहीं वे हमारे पूर्वजों का आशीर्वाद और आने वाली पीढ़ियों की धरोहर हैं धरती के प्रत्यक्ष देवता हैं। जब हम हर दीपावली पर वृक्ष को दीप की तरह सहेजें एक वृक्ष लगाना पुण्य है पर एक वृक्ष को बचाना उससे भी बड़ा धर्म है। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष घनश्याम माहेश्वरी एवं सभी सदस्यों ने वृक्षों के आसपास सफाई कर उनके थालों को सँवारा इसके बाद पंडित जी के मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से वृक्षों का पूजन हुआ पुष्पमाला हल्दी-कुमकुम और दीप अर्पित कर प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। पूजन उपरांत सभी ने वृक्षों के संवर्धन संरक्षण और वर्षभर पोषण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में यशवंत तिवारी, रमेशचंद्र जोशी, घनश्याम माहेश्वरी, हरिहर राव देशमुख, रमेशचंद परमार, संजय जोशी, श्रीमती अनुसुइया परमार, कल्पना माहेश्वरी सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

**उपलब्धि** राष्ट्रपति के हाथों मिला सम्मान

# 3 लाख आबादी में देवास स्वच्छता में प्रथम

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**देवास।** स्वच्छता के क्षेत्र में देवास नगर निगम ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्वच्छता सर्वेक्षण में 1 से 3 लाख जनसंख्या वर्ग में देवास शहर ने देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर देवास को राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रोपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत देवास नगर वासियों की जीत है, यह सम्मान सिर्फ नगर निगम का नहीं, बल्कि देवास के हर नागरिक, हर सफाई मित्र और स्वच्छता से जुड़े हर व्यक्ति के परिश्रम का परिणाम है तथा स्रोत पर कचरे के पृथक्कीरण से लेकर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, गार्बेज फ्री सिटी की कार्ययोजना और 3 कृआर मॉडल को नागरिकों ने जिस तरह अपनाया, वह अभूतपूर्व है। यह सम्मान हमारे सफाई मित्रों के पसीने और नागरिकों की जागरूकता का सम्मान है।



### सभापति ने दी शुभकामनाएं

सभापति रवि जैन ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर देवास की जनता, नगर निगम के पूरे परिवार और सभी सफाई मित्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभापति ने कहा कि ओडीएफ प्लस प्लस और वॉटर प्लस के बाद राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आना यह साबित करता है कि देवास विकास और स्वच्छता में निरंतर आगे बढ़ रहा है। यह टीम भावना से काम करने का परिणाम है। आयुक्त के नेतृत्व में हुए नवाचार, इस सफलता के पीछे आयुक्त दलीप कुमार के कुशल नेतृत्व और आधुनिक कार्यप्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आयुक्त के नेतृत्व में हुए नवाचार-विधायक प्रतिनिधि अग्रवाल

विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने शहर को सम्मानित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि आयुक्त दलीप कुमार के नेतृत्व में वार्डवार स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा, डोर-टू-डोर वाहनों के रूट एवं कार्यों की निगरानी, स्वच्छता निरीक्षकों एवं दरोगाओं की जवाबदेही तय करने, शिकायतों के त्वरित निराकरण और स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप विभागीय मूल्यांकन जैसे नवाचार किए गए।

### नागरिकों का सहयोग, सफाई मित्रों के परिश्रम से उपलब्धी: निगमायुक्त

निगमायुक्त दलीप कुमार ने स्वच्छता से जुडे सभी शहरवासियों का सहयोग एवं सफाई मित्रों व निगम परिवार के अथक प्रयासों से शहर को सम्मानित होने पर बधाई देते हुए बताया कि हम सब के परिश्रम एवं नवाचार से यह उपलब्धी मिली है। किए गये नवाचारों में कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण, सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की बेहतर व्यवस्था, सफाई मित्रों को पीपीई किट, स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराना, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान और उपचारित जल के पुनः उपयोग जैसे हरित देवास की परिकल्पना को धरातल पर उतारा गया है।

# चैतन्य दीप बनकर दूसरों के जीवन में खुशियों का प्रकाश फैलाएं : भगवती दीदी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**देवास।** दीपावली का वास्तविक आनंद तभी है, जब हमारे जीवन का प्रकाश दूसरों के चेहरों पर भी मुस्कान लाए। हमें स्वयं चैतन्य दीपक बनकर दूसरों के दुख दूर करने, अशांत मन को शांति देने और अपने स्नेह से प्रत्येक आत्मा के जीवन में खुशियों का उजाला फैलाने का प्रयास करना चाहिए।

यह प्रेरणादायी विचार ब्रह्माकुमारी भगवती दीदी ने राजयोग अनुभूति केंद्र, मोती बंगला में आयोजित दीपावली उत्सव के दौरान व्यक्त किए। भगवती दीदी ने कहा कि जिस प्रकार एक दीपक अपने प्रकाश से आसपास के अंधकार को दूर करता है, उसी प्रकार परमात्मा की याद से जगमगाती आत्मा अपने गुणों और शक्तियों के माध्यम से दूसरों के जीवन में सुख, शांति



और खुशियां भर सकती है।

### पुराने बही-खाते समाप्त कर नए शुरू करने की परंपरा

दीपावली पर पुराने बही-खाते समाप्त कर नए खाते शुरू करने की परंपरा का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए भगवती दीदी ने कहा कि हमें भी अपने जीवन से क्रोध, चिड़चिड़ापन, घृणा और आलस्य जैसे पुराने संस्कारों को समाप्त कर प्रेम, शांति, सहनशीलता और खुशी जैसे श्रेष्ठ गुणों को अपनाना चाहिए। मन में शुभ संकल्प, वाणी में मधुरता और कर्मों में श्रेष्ठता लाकर हर दिन को खुशियों का उत्सव बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि विशेष अवसरों पर अपनी रूहानी स्थिति में रहकर लाइट हाउस और माइट हाउस बनें तथा अपने पवित्र वाइब्रेशंस के माध्यम से विश्व की आत्माओं को शांति और शक्ति प्रदान करें।

कार्यक्रम में बीके ऋतु दीदी ने कहा कि राजयोग ध्यान के माध्यम से परमात्मा से जुड़कर ईश्वरीय शक्तियों को धारण करना ही सच्ची दिवाली है।

# मैं जो कुछ हूं, नेहरू-गांधी परिवार की वजह से हूं

## सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के 18वें दिन बोले दिग्विजय सिंह

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**गुना।** 5 नवंबर से विश्राम के बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा 18वें दिन फिर शुरू हुई। बुधवार को राघौगढ़ के श्री हनुमान मंदिर पाटई आश्रम में विधि-विधान से पूजन के बाद यात्रा की शुरूआत हुई। यात्रा गणेश मंदिर, रामनगर जोड़, हनुमान मंदिर कटरा, जैन मंदिर कटरा, मंगल भवन, अखाड़ा मंदिर, रानीजी मंदिर, बिलाल मस्जिद होते हुए कैंची बीड़ी कारखाने के पास पहुंची। इसके बाद किला राघौगढ़, धीरपुर, ईशातोड़ा, खैराई, शहरोक गांवों से होते हुए यात्रा ने आरोन कस्बे में प्रवेश किया, जहाँ सनकादिक आश्रम में 18वें दिन की यात्रा का विश्राम हुआ।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के पुनः शुभारंभ के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा, लोकतंत्र को समाप्त करने के लिए भाजपा और आरएसएस प्रयासरत हैं। यदि लोकतंत्र समाप्त हो गया तो एकतंत्र आएगा, जो केवल एक ही वर्ग के लिए राज करेगा और उसी वर्ग को सारी योजनाओं का लाभ देगा।

निष्पक्ष चुनाव प्रणाली पर जोर देते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा, एक सफल लोकतंत्र के लिए विश्वसनीय और निष्पक्ष चुनाव आयोग की आवश्यकता है। हमारा यह दायित्व है कि हम वोट चोरी पकड़ें और उसे ठीक कराएं। कांग्रेस पार्टी मतपत्र से ही चुनाव कराना चाहती है और यही इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भी है।

अयोध्या राम मंदिर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, भगवान राम मंदिर निर्माण में जिन लोगों ने चोरी की है, उनके खिलाफ आज तक देश के प्रधानमंत्री मौन क्यों हैं? वे ऐसे चंदा चोरों को बचाने में लगे हैं, जिन्हें पकड़वाना हमारा काम है।

विश्व हिंदू परिषद, भाजपा और आरएसएस धर्म के नाम पर आमजन को गुमराह कर रहे हैं, जबकि सभी धर्मों का सम्मान करना ही सच्चा सनातन धर्म है। गांधी-नेहरू परिवार के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए दिग्विजय सिंह ने भावुक अंदाज में कहा कि वे आज राजनीति और सार्वजनिक जीवन में जो कुछ भी हैं, वह सब नेहरू-गांधी परिवार की ही बदौलत है।

### 80 की उम्र में पदयात्रा मेरे लिए 40 की उम्र में भी मुमकिन नहीं: जयवर्धन सिंह

राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने दिग्विजय सिंह के प्रति आत्मीय भाव व्यक्त करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह ने 20वीं और 21वीं सदी में राघौगढ़ का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। उन्होंने कहा, आज 80 वर्ष की आयु में दिग्विजय जी जिस तरह पैदल यात्रा कर रहे हैं, वह मेरे लिए 40 वर्ष की आयु में कर पाना भी मुमकिन नहीं दिखता। इससे पहले वे नर्मदा परिक्रमा और राहुल गांधी के साथ 'भारत जोड़ो यात्रा' जैसी कठिन पदयात्राएं सफलता पूर्वक पूरी कर चुके हैं।

### दिग्विजय सिंह की अनूठी अपील- फूल न बरसाएं, सहयोग करें परेशान नहीं

सभा के दौरान दिग्विजय सिंह ने समर्थकों द्वारा किए जा रहे भव्य स्वागत पर चुटकी लेते हुए एक दिलचस्प और मजाकिया आह्वान किया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मुझे लगातार चलने में बिल्कुल भी थकावट नहीं होती है, लेकिन जब मेरे ऊपर बड़ी-बड़ी मालाएं और फूलों की बारिश होती है, उससे जितनी थकावट होती है उतनी तो 50 किलोमीटर पैदल चलने से भी नहीं होती। उन्होंने समर्थकों से अपील करते हुए कहा, मेरा सहयोग करें, मुझे परेशान न करें। यदि ऐसा ही चलता रहा तो कहीं मुझे अपनी यात्रा स्थगित न करनी पड़े, इसलिए कृपया मेरे ऊपर फूलों की पंखुड़ियां न डालें।



राघौगढ़ में जीतू पटवारी का भाजपा पर करारा हमला

## किसान विरोधी और नक्सली सोच रखती है भाजपा, जनता सिखाएगी सबक

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**गुना।** अल्प प्रवास पर गुना जिले के राघौगढ़ पहुंचे मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा के बयान पर तीखा पलटवार किया है। जनार्दन मिश्रा द्वारा किसानों को 'नशेड़ी' कहे जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पटवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सोच किसानों के खिलाफ पूरी तरह नक्सली और विरोधी मानसिकता वाली है।

जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा किसानों को अपमानित कर नशेड़ी कहती है, उन पर काले कानून थोपकर लगातार यातनाएं देती है और एमएसपी पर फसलें तक नहीं खरीदती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में किसानों पर अत्याचार हुए हैं और छह किसानों की हत्याएं तक हुई हैं। जो लोग किसानों को गालियां दे रहे हैं, उन्हें मध्य प्रदेश की जनता वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में करारा सबक सिखाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के उस बयान पर भी जीतू पटवारी ने अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि 2028 का चुनाव जीतू पटवारी और उमंग सिंघार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। इस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए पटवारी ने कहा कि वे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं और कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव सामूहिक नेतृत्व में मजबूती से लड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि 2028 में 500 प्रतिशत प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# सलाखों के बीच छलका बहनों का प्यार सुरक्षा के बीच हुई खुली मुलाकात

## गुना जिला जेल में भाई दूज पर भावुक कर देने वाला दृश्य

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**गुना।** भाई-बहन के अटूट स्नेह और पवित्र रिश्ते का पर्व भाई दूज जिला जेल परिसर में भावुक और आत्मीय वातावरण में मनाया गया। बुधवार को जेल में बंद अपने भाइयों को तिलक लगाने और उनसे मिलने के लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में बहनें पहुंचीं। अपनों से दूर सलाखों के पीछे रह रहे भाइयों को सामने देखते ही कई बहनों के सब्र का बांध टूट गया और परिसर में बेहद भावुक क्षण देखने को मिले।

पाँच दिवसीय दीपावली उत्सव के समापन अवसर पर जिला जेल प्रशासन द्वारा बंदियों और उनके परिजनों के लिए विशेष खुली मुलाकात का प्रबंध किया गया था। कड़े सुरक्षा घेरे और व्यवस्थित व्यवस्थाओं के बीच बहनों ने परंपरा अनुसार अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी और उनकी लंबी उम्र के साथ-साथ उज्ज्वल भविष्य व सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, लंबे अरसे बाद बहनों का यह आत्मीय संबल पाकर बंदी भाई भी अपने आंसू नहीं रोक सके।जेल अधीक्षक अतुल सिंह के अनुसार, पर्व की महत्ता को देखते हुए सभी बंदियों की उनके परिजनों और बहनों से सुगमता से मुलाकात कराने के विशेष इंतजाम किए गए थे। इस दौरान संपूर्ण जेल परिसर भाई-बहन के निस्वार्थ प्रेम और पारिवारिक आत्मीयता से सराबोर नजर आया।

## फतेहगढ़ में चिकन शॉप पर चोरों का धावा

**गुना।** फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में चोरों के अजीबोगरीब कारनामे का मामला सामने आया है, जहाँ बदमाशों ने एक चिकन शॉप को निशाना बनाते हुए न सिर्फ गले में रखी नकदी साफ की, बल्कि सैकड़ों अंडे और मुर्गियां भी समेट ले गए। वारदात के बाद क्षेत्र के दुकानदारों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता फैल गई है।

पीड़ित दुकान मालिक राधेश्याम अहिरवार के अनुसार, 11 नवंबर की रात अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान का ताला तोड़कर प्रवेश किया। चोरों ने गल्ले में रखे लगभग 12 से 13 हजार रुपए नकद निकालने के साथ ही दुकान में रखे 500 अंडे और 2 से 3 मुर्गियां भी चोरी कर लीं। अगली सुबह जब राधेश्याम दुकान पहुंचे, तो ताला टूटा देख वारदात का पता चला। चोरी की यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फरियादी ने फतेहगढ़ थाने में लिखित आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले को जांच में लेते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही चोरों की तलाश शुरू कर दी है।




## एसपी ने मांगें पत्रकारों से समस्याओं पर सुझाव

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अशोकनगर।** पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस एवं पत्रकार दीपावली मिलन समारोह संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने जिले से आए हुए सभी पत्रकारों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की इसके बाद उन्होंने पुलिस के द्वारा की गई एक वर्ष की कार्यवाही एवं उपलब्धियां के संदर्भ में जानकारी दी जिसमें उन्होंने जुआ, सट्टा, शराब, फिरौती , ठगी , अपहरण , हत्या से संबंधित जिले हुई घटनाओं के संदर्भ में संवाद करते हुए पूरे वर्ष भर की जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक मिश्रा ने पत्रकारों से भी अपने सुझाव मांगे । जिस पर पत्रकारों ने अपने-अपने अनुसार जिले की समस्याओं के संदर्भ में संवाद किया एवं उनका निराकरण करने हेतु पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए पुलिस पत्रकार दीपावली मिलन समारोह में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने जिले से आए हुए मीडिया बंधुओं को कलम एवं उपहार प्रदान कर दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, एसडीओपी अशोकनगर ओमप्रकाश मिश्रा, डी एस पी अजाक राजू सिंह बघेल, थाना प्रभारी कोतवाली रवि प्रताप सिंह चौहान, थाना प्रभारी देहात आकाश शर्मा, थाना प्रभारी अजाक बृजमोहन रावत, स्टेनो टू एस पी सचिन शर्मा, साइबर सेल से उप निरीक्षक मसीह खान, सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक विनोद ओझा सहित पुलिस स्टॉफ एवं जिले के पत्रकार मौजूद रहे।



## हाईवे पर पोल शिफ्टिंग के दौरान फूटी पाइप लाइन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**शाजापुर।** शहर के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए चल रहे शहरी हाईवे का निर्माण कार्य वर्तमान में दुकानदारों के लिए असुविधा का कारण भी बना हुआ है।

विकास की इस प्रक्रिया के बीच बुधवार को उस वक्त एक नई परेशानी खड़ी हो गई, जब बिजली के पोल शिफ्ट करते समय अचानक नगर पालिका की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक तरफ व्यापारी पहले से ही खुदाई और धूल से परेशान हैं, वहीं जलभराव की इस स्थिति ने उनकी मुश्किलें कुछ और बढ़ा दीं। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के समीप बिजली के पोल शिफ्ट करने का कार्य करवाया जा रहा है। इसी दौरान काम में लगी जेसीबी मशीन से पानी की लाइन फूट गई। देखते ही देखते सड़क पर पानी का तेज बहाव शुरू हो गया। करीब एक घंटे तक पानी बहने के कारण मौके पर भारी कीचड़ जमा हो गया और पानी सड़क किनारे स्थित दो दुकानों के अंदर तक पहुंच गया। गनीमत रही कि जल्द ही स्थिति को संभाल लिया गया, लेकिन कुछ देर के लिए दुकानदारों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

### जिले के विकास कार्यों की नब्ज टटोलेंगे प्रभारी मंत्री

शाजापुर। जिले में विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों और विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए आज 12 नवंबर को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस अहम बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण मंत्री और शाजापुर जिले के प्रभारी मंत्री नारायणसिंह कुशवाह करेंगे।

## खेजरा रामा गांव में पूजा के दौरान पटाखे से कच्चे मकान में लगी आग

**गुना।** कुंभराज तहसील के खेजरा रामा गांव में दीपावली के जश्न के दौरान लापरवाही के चलते एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गांव में पूजा-अर्चना के समय आतिशबाजी से निकली चिंगारी एक कच्चे मकान के छप्पर पर जा गिरी, जिससे वहां रखी सूखी घास-फूस में भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें उठने लगीं, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना 10 नवंबर की दोपहर की है जब गांव में उत्सव का माहौल था। पटाखा गिरने से छप्पर में आग तेजी से फैलने लगी। आग की लपटों और धुएं का गुबार देखकर तुरंत आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। किसी बड़ी अनहोनी की आशंका को भांपते हुए ग्रामीणों ने बिना एक पल गंवाए आपसी सहयोग से पानी और अन्य साधनों की मदद से आग बुझाने का मोर्चा संभाला। ग्रामीणों के अथक प्रयासों और त्वरित तत्परता के चलते समय रहते आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया, जिससे आग आसपास के अन्य घरों तक नहीं फैल सकी और एक बड़ा हादसा टल गया। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी 11 नवंबर को सामने आया है।

## महू तालाब से निकलकर खेतों तक पहुंचा मगरमच्छ

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**गुना।** तहसील रजैला गांव और आसपास के कृषि क्षेत्रों में इन दिनों मगरमच्छ की धमक से दहशत का माहौल है। निकटवर्ती मार की महू तालाब से निकलकर खेतों तक पहुंच रहे इस मगरमच्छ के कारण सिंचाई में जुटे किसानों की जान पर आफत बनी हुई है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 8 बजे जब भरत सिंह अपने खेत में सिंचाई कर रहे थे, तभी तालाब के रास्ते आया मगरमच्छ उनके बेहद करीब पहुंच गया। किसान ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और आसपास के ग्रामीणों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने जब मगरमच्छ को खेत में जमे देखा, तो इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करते हुए प्रशासन का ध्यान खींचने का प्रयास किया।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मगरमच्छ पूर्व में भी क्षेत्र की बकरियों को अपना निवाला बना चुका है। वर्तमान में रबी सीजन की फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को रात-दिन खेतों पर ही डेरा डालना पड़ रहा है। रात के अंधेरे में खेतों में पानी देने के दौरान मगरमच्छ के संभावित हमले की आशंका से हर कोई सहमा हुआ है। किसानों ने प्रशासन व वन विभाग से मांग की है कि मार की महू तालाब से भटककर आबादी और खेतों का रुख कर रहे इस मगरमच्छ को तत्काल रेस्क्यू कर सुरक्षित प्राकृतिक रहवास में छोड़ा जाए, ताकि किसी बड़ी जनहानि को रोका जा सके।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व भाई दूज

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**शाजापुर।** नगर एवं अंचल में भाई-बहन के पवित्र प्रेम और स्नेह का प्रतीक भाई दूज का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और भारी उत्साह के साथ मनाया गया। पांच दिवसीय दीपोत्सव के इस अंतिम पर्व पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व को लेकर बुधवार सुबह से ही शहर भर में चहल-पहल और उल्लास का माहौल रहा। शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों की आरती उतारी, माथे पर कुमकुम और अक्षत का सजाकर तिलक लगाया और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। इस दौरान भाइयों ने भी अपनी बहनों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया, उन्हें जीवन भर रक्षा का वचन दिया और स्नेह स्वरूप आकर्षक उपहार भेंट किए। भाई दूज के चलते बाजारों में भी विशेष रौनक नजर आई। शहर की प्रमुख मिठाई की दुकानों, ड्राई फ्रूट्स और उपहारों की दुकानों पर दिन भर ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

भाई-बहन के इस पावन पर्व के साथ ही धनतेरस से शुरू हुए पांच दिवसीय दीपोत्सव का भी विधिवत समापन हो गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक पूरे दिन परिवारों में उत्सव और मेल-मिलाप का दौर चलता रहा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाजापुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र पिता कैलाश निवासी अभयपुर बुधवार को अपने गांव से बाइक पर सवार होकर किसी काम के लिए शाजापुर आ रहा था, तभी पनवाड़ी गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।

## ग्लाइंडर पत्ता टूटकर गले में धंसने से युवक की मौत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**शाजापुर।** वेल्डिंग दुकान पर काम करते समय ग्लाइंडर का पत्ता टूटकर गले में लगने से युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम अरनियाकला में बुधवार को स्टील वेल्डिंग की दुकान पर 25 वर्षीय दीपक स्टील पाइप काट रहा था, तभी अचानक से पत्ता टूटा और उसके गले में धंस गया।

दीपक को तुरंत ही उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दीपक जादौन ग्राम अलीसरिया निवासी था। बताया जा रहा है कि दीपक अपने परिवार के इकलौते बेटे और घर में कमाने वाले अकेले सदस्य थे। बचपन में उनकी मां का निधन हो गया था। परिवार में पिता धरम सिंह और एक बहन हैं, जिसकी शादी हो चुकी है। दीपक अपने पिता के साथ रहते थे और पांच साल से परिवार का खर्च चला रहे थे। परिवार में दीपक की शादी की तैयारियां चल रही थीं। अगले महीने उनकी शादी होने वाली थी।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक- जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) 452011 से प्रकाशित। संपादक-राघवेंद्र*।
आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117, फोन- 0731 3144237, मो. 83570 89000, Email-mradubhashi.news@gmail.com। समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)